
राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, मंगलवार
15.10.2024
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 11, अंक : 251

mukhyadhara.daily@gmail.com +919142412511
RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
www.rashtriyamukhyadhara.com



**राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !**

### जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए
## हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग में भारत का अनुभव उल्लेखनीय रहा हैः लोकसभा अध्यक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**





जिनेवा में अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 149वीं असेम्बली में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज " शांतिपूर्ण और सुरक्षित भविष्य के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग" विषय पर सभा को संबोधित किया । बिरला ने वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से रखा । उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक रहा है । बिरला ने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में संसदों के बीच व्यापक संवाद और सहयोग मानव कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आईपीयू जैसे मंच के माध्यम से कहा कि देशों की संसद साझी कार्य योजनाओं और साझे प्रयासों के द्वारा सम्पूर्ण विश्व के लिए समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सफल होंगी । उन्होंने तकनीकी प्रगति, वैज्ञानिक शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया ताकि इस प्रगति का लाभ सभी को समान रूप से मिल सके और इसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए किया जा सके । जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के बारे में लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई "वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड " (ओएसओडब्ल्यूजी) की पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता 76 गीगावाट से बढ़कर 203 गीगावाट हो गई है। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, बायो फ्यूल गठबंधन जैसी पहलों के बारे में भी बात की, जो जलवायु परिवर्तन की समस्या के समाधान के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं। इस संबंध में संसद द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के मुद्दों पर संसद में विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि नए भवन के निर्माण में हरित प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया गया है, जो हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बिरला ने गर्व के साथ कहा कि भारत में स्टार्ट-अप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 355 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य वाले 118 यूनिकॉर्न के साथ, आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप राष्ट्र बन गया है । आमजन को सेवाएं प्रदान करने में भारत में प्रौद्योगिकी के अभूतपूर्व उपयोग के बारे में बात करते हुए । बिरला ने बताया कि कैसे जन धन, आधार और मोबाइल की जेऐएम ट्रिनिटी के माध्यम से वित्तीय सेवाओं के डिजिटलीकरण और वित्तीय समावेशन के द्वारा 314 सार्वजनिक कल्याण योजनाओं के तहत 2 ट्रिलियन 495 बिलियन रुपये के वित्तीय लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों मे अंतरित किए गए हैं, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। लोक सभा अध्यक्ष ने आग्रह किया कि ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आईपीयू मंच के साथ-साथ राष्ट्रीय संसदों में भी चर्चा की जानी चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने बताया कि भारत की संसद ने पिछले कुछ वर्षों में व्यापक चर्चा के बाद प्रौद्योगिकी, विज्ञान और पर्यावरण के क्षेत्र में डिजिटल निजी डाटा संरक्षण विधेयक, दूरसंचार विधेयक, ऊर्जा संरक्षण विधेयक और जैव विविधता विधेयक आदि जैसे कई विधेयक पारित किए हैं । उन्होंने यह भी बताया कि भारत की संसद में डिजिटल संसद एप्लिकेशन से न केवल संसद को पेपरलेस बनाया गया है, बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग से संसद की दक्षता को भी बढ़ाया गया है। इससे सभी सदस्यों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और सभी हितधारकों को एक एकीकृत मंच पर लाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कीवर्ड, मेटा डेटा और उन्नत खोज की एआई सुविधाओं की मदद से संसद से संबंधित डाटा को और अधिक उपयोगी बनाया जा रहा है। अंतर संसदीय संघ राष्ट्रीय संसदों का वैश्विक संगठन है।

## गोगो दीदी योजना से टक्करः मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की राशि हुई 2500 रुपये





**रांची** : मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से अब राज्य की योग्य लाभुक महिलाओं को 1000 रुपये के बजाय 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। यह योजना अगस्त से शुरू की गई थी, जिसमें अब तक महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि दी जा रही थी। दिसंबर से यह राशि बढ़ाकर 2500 रुपये की जाएगी। इस योजना से करीब 50 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा और राज्य सरकार पर इसका वार्षिक वित्तीय भार 9 करोड़ रुपये होगा। हालाँकि यह फैसला केबिनेट से ज्यादा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का चुनावी प्रतियोगिता ज्यादा लग रही है। बताते चलें कि यह फैसला भारतीय जनता पार्टी द्वारा गोगो दीदी योजना शुरू करने की घोषणा के बाद हुआ है जिसमें बीजेपी चुनावी वादा करते हुए महिलाओं से फार्म भरवा रही है कि अगर उनकी पार्टी अगामी विधानसभा चुनाव जीत कर सत्ता में आयी तो महिलाओं को प्रतिमाह इस योजना से 2100 रुपये दिये जायेंगे. साल भर में 25000 रुपये दिये जायेंगे. इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ 8 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा, नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका और बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ रुपये की पथ परियोजना को भी मंजूरी मिली है। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों पर 11.66 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूलों में विज्ञान और गणित की प्रयोगशालाओं की स्थापना को भी स्वीकृति दी गई है। राज्य के दिव्यांग और अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निशुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति भी कैबिनेट में दी गई। इस योजना के तहत सालाना 24 करोड़ रुपये खर्च होंगे और अधिकतम 10 लाख रुपये सालाना तक की ट्यूशन फीस दी जाएगी। कैबिनेट ने रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति और सेवा शर्तों में संशोधन को भी मंजूरी दी है। साथ ही, जमशेदपुर और बहरागोड़ा में राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के निर्माण के लिए 254 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के लिए 136 करोड़ रुपये की योजना को भी स्वीकृति मिली है। इसके अलावा, असम में रह रहे झारखंड के 15 लाख से अधिक आदिवासियों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएंगी। आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम जाकर वहां की स्थिति की जानकारी लेगी और उनके हित के लिए योजनाएं तैयार करेगी। इस बैठक में पारा शिक्षक और कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को भी ईपीएफओ योजना का लाभ देने का फैसला किया गया है।


## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



**नई दिल्ली**। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। दिल्ली की मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी की यह प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से एक्स पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "दिल्ली की मुख्यमंत्री @आतिशी ने प्रधानमंत्री @नरेन्द्रमोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री कार्यालय के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं।

### मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी, फ्लाइट को दिल्ली में लैंड कराया गया





**नई दिल्ली**। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया। इस विमान को दिल्ली भेजा गया। विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर लैंड कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और जांच जारी है। यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। अधिकारियों ने सहयोग का आग्रह करते हुए कहा कि असत्यापित जानकारी फैलाने से बचें।

### जम्मू-कश्मीर से हटा राष्ट्रपति शासन, गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

**नई दिल्ली**। जम्मू कश्मीर पर लगे राष्ट्रपति शासन को हटा लिया गया है। गृह मंत्रालय ने रविवार देर रात आदेश जारी कर इससे संबंधित 31 अक्टूबर, 2019 के अपने पहले के आदेश को रद्द कर दिया है। इस तरह अब जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा, "जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 के तहत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के संबंध में 31 अक्टूबर, 2019 का आदेश मुख्यमंत्री की नियुक्ति से तुरंत पहले रद्द कर दिया जाएगा।" 13 अक्टूबर, 2024 के नवीनतम आदेश ने केंद्र के 5 साल पुराने आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश के क्रियान्वयन के साथ ही उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नई सरकार को आगामी सप्ताह में शपथ लेने की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। उल्लेखनीय है कि 05 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 31 अक्टूबर 2019 को जम्मू और कश्मीर में केंद्रीय शासन लागू किया गया था।

### पप्पू यादव ने दी लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती
## 24 घंटे में इस दो टके का नेटवर्क खत्म कर दूंगा

**एजेंसी। पटना**

निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती दी है। पप्पू यादव ने कहा है अगर कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। उन्होंने लिखा कि यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठकर चुनौती दे रहा है, लोगों को मार रहा है, लेकिन सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। पप्पू यादव ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने कभी मूसेवाला को मरवा दिया, कभी करणी सेना के मुखिया को मरवाया और अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। पप्पू यादव



ने लॉरेंस बिश्नोई को दो टके का अपराधी बताया है। उन्होंने इसी पोस्ट में गैंगस्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो 24 घंटे में इस लॉरेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी को पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। इससे पहले पप्पू यादव ने जो पोस्ट की थी, उसमें बाबा सिद्दीकी को बिहार का बेटा बताया था। दरअसल बाबा सिद्दीकी बिहार के ही रहने वाले थे और बाद में मुंबई जाकर अपनी राजनीति शुरू की थी।

## नेवी का नया बेस कंट्रोल तैयार, समुद्र के तल में होगी खास बातचीत
### परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में किया था शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने हाल ही में अपनी दूसरी परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बी आईएनएस अरिघात नौसेना में शामिल हो गई है। इसके साथ ही नौसेना अब लंबी दूरी की गश्त पर मौजूद अपने गुप्त शिकारियों के साथ सहज कम्युनिकेशन के लिए एक नई एडवांस फैसिलिटी स्थापित कर रही है। तेलंगाना के विकाराबाद में वेरी लो फ्रीक्वेंसी कम्युनिकेशन स्टेशन की परियोजना का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार यानी 15 अक्टूबर को करेंगे। मीडिया रिपोर्ट में बताया कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वीएलएफ सुविधा, जब दो-तीन सालों में पूरी तरह से चालू हो जाएगी। इसके बाद यह



भारत के संपूर्ण क्षेत्र में पानी के नीचे पनडुब्बियों को चौबीसों घंटे एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वीएलएफ रेडियो तरंगें, जो 3 से 30 किलोहर्ट्ज़ की फ्रीक्वेंसी बैंड में काम करती हैं, ऐसे उद्देश्यों के लिए समुद्री जल में एक निश्चित गहराई तक प्रवेश कर सकती हैं। केवल कुछ ही देशों के पास ऐसी क्षमताएं मौजूद हैं, जो लंबी दूरी की निवारक गश्त पर तैनात परमाणु पनडुब्बियों के कमांड और नियंत्रण के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। भारत की योजना अगले साल की शुरुआत में आईएनएस अरिधमान के रूप में सात हजार टन विस्थापन के साथ तीसरे एसएसबीएन को शामिल करने की है। वही, सीक्रेट एडवांस टेक्नोलॉजी वेसल (एटीवी) परियोजना के तहत एक चौथा भी निर्माणाधीन है। रिपोर्ट के मुताबिक 13,500 टन के एसएसबीएन बनाने की भी योजना है। इसमें 190 मेगावाट के ज्यादा शक्तिशाली प्रेशराइज्ड लाइट-वाटर रिएक्टर होंगे। इसके अलावा, 9 अक्टूबर को पीएम के नेतृत्व वाली सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए लंबे समय से लंबित 40 हजारा करोड़ रुपए की प्रोजेक्ट-77 को भी मंजूरी दे दी है। 190 मेगावाट के रिएक्टर और 9,800 टन के विस्थापन वाले इन एसएसएन को बनाने में 10-12 साल लगेंगे, जो पारंपरिक युद्ध के लिए हैं।

### नर्मदा और ताप्ती प्रदेश के साथ अन्य प्रदेश को भी संचित कर रही : मुख्यमंत्री यादव

**सूरत**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश की प्रमुख नदियों का प्रदेश में मायका है। नर्मदा और ताप्ती अपने मायके अर्थात मध्यप्रदेश को आनंदित और प्रफुल्लित करती ही है, साथ ही वे गुजरात को भी धन-धान्य से परिपूर्ण कर रही है। सोन नदी का उद्गम अमरकंटक से है, जो बिहार में गंगा से मिलती हैं और गंगा की धारा को समृद्ध करती है। मध्यप्रदेश से निकलने वाली चंबल नदी राजस्थान को जीवन प्रदान करती है यह नदियां मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी हैं। उन्होंने कहा कि जल संचय-जन भागीदारी कार्यक्रम के मकसद की प्राप्ति के लिए प्रदेश कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि पानी के लिए गुजरात में समस्या रहती है और उनकी सहायता करना हम सब का कर्तव्य है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्षा जल संचयन को बढ़ाने और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम की पहल की थी।



### एससीओ की बैठक में शामिल होने पाकिस्तान जा रहे जयशंकर शरीफ के साथ रात का भोजन करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



विदेश मंत्री जयशंकर 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान में होंगे। यह पिछले एक दशक में किसी भी भारतीय विदेश मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा होगी। हालांकि, भारत द्वारा उनकी पाकिस्तान यात्रा की पुष्टि करने के एक दिन बाद, जयशंकर ने कहा कि वह पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर चर्चा करने के लिए इस्लामाबाद नहीं जा रहे हैं, बल्कि एससीओ का अच्छा सदस्य बनने के लिए जा रहे हैं। एससीओ में रूस, चीन, ईरान और 4 मध्य एशियाई देशों के अलावा भारत और पाकिस्तान भी सदस्य हैं।जयशंकर के एससीओ के हेड ऑफ स्टेट की बैठक के लिए मंगलवार शाम को पाकिस्तान पहुंचने की उम्मीद है। विदेश मंत्री यहां पाकिस्तानी पीएम शाहबाज शरीफ की तरफ से आयोजित डिनर में शामिल होंगे। यह डिनर बैठक में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधियों के लिए होगी। हालांकि, दोनों पक्षों ने एससीओ के आयोजन के दौरान किसी भी औपचारिक द्विपक्षीय बैठक से इनकार किया है। हालांकि, उम्मीद है कि मंत्री बुधवार को मुख्य शिखर सम्मेलन से पहले भारतीय विदेश मंत्री डिनर में शामिल होंगे।

## दाऊद के नक्शे कदम पर लॉरेंस बिश्नोई, एनआईए का दावा, 700 शूटरों का 11 राज्यों में है नेटवर्क

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हत्या के बाद एनआईए भी अपना काम कर रही है। एजेंसी का दावा है कि लॉरेंस विश्नोई, दाउद इब्राहिम के नक्शे कदम पर चल रहा है। उसने 11 राज्यों में 700 शूटरों का एक विशाल नेटवर्क खड़ा किया है। एनआईए ने कम से कम 16 गैंगस्टरों के खिलाफ यूएपीए के तहत चार्जशीट



फाइल की है। इसमें लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार भी शामिल हैं। इस चार्जशीट में दावा किया गया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी के रास्ते पर ही आगे बढ़ रहा है। चार्जशीट में बताया गया कि लॉरेंस बिश्नोई और उसका टेरर सिंडिकेट नायकीय अंदाज में बढ़ा है। यह उसी तरह आगे बढ़ रहा है जैसे कि 90 के दशक में दाऊद इब्राहिम का गैंग तेजी से फैल रहा था। दाऊद इब्राहिम ने अपना नेटवर्क ड्रग्स तस्करी से बढ़ाना शुरू किया था। इसके बाद उगाही का काम शुरू हो गया। बाद में इसे डी कंपनी नाम दे दिया गया। यह गैंग पाकिस्तान के आतंकियों के साथ भी जुड़ गया। इसी तरह बिश्नोई गैंग ने भी छोटे-मोटे अपराध शुरू किए थे लेकिन अब उसका बड़ा गैंग है।

## झारखंड में बड़ा घोटालाः मंत्री और आईएएस के करीबियों के यहां ईडी ने की छापेमारी

**एजेंसी। रांची**

झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां के मंत्री और आईएएस के करीबियों पर शिकंजा कसते हुए करीब 20 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारे हैं। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है। आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है। झारखंड में पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले






को लेकर ईडी ने 20 ठिकानों पर छापामारी की है। बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर को ईडी खंगालने में जुटी है। इसके अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के घर पर छापामारी हुई है। पेयजल स्वच्छता विभाग में घोटाले को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी ने प्रदेश में 20 ठिकानों पर छापामारी की है। सभी ठिकाने आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े हैं।बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी की छापामारी हुई है।आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापामारी हुई है। जल जीवन मिशन में अनियमितता से मामला जुड़ा है। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी कुछ बिजनेसमैन, एक मिनिस्टर के क्लेरिकल स्टाफ और ब्यूरोक्रेट्स के ठिकानों पर हुई। बताया जा रहा है कि एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की झारखंड में यह छापेमारी जल जीवन मिशन से जुड़े एक्सटॉर्शन रैकेट मामले में है।



हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



संक्षिप्त समाचार

## पेयजल स्वच्छता घोटाले को लेकर ईडी की छापेमारी




**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेयजल स्वच्छता विभाग में हुए घोटाले को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ सोमवार सुबह से छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी आईएएस मनीष रंजन और मंत्री मिथलेश ठाकुर से जुड़े लगभग 20 ठिकानों पर की जा रही है। रांची के बरियातू स्थित आईएएस मनीष रंजन की बहन के घर पर भी ईडी ने छापेमारी की है। आईएएस मनीष रंजन के अलावा मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर सहित कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापेमारी की जा रही है। यह मामला जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़ा बताया जा रहा है।

## यह ईडी की नहीं, बल्कि राजनीतिक छापेमारी है : मंत्री



**रांची।** झारखंड में ईडी की छापेमारी पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप जानते हैं कि निशाना क्या है। हम अब इन सबके आदी हो गए हैं। यह ईडी की छापेमारी नहीं, बल्कि राजनीतिक छापेमारी है। झारखंड में ईडी ने सोमवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और पीएस सहित कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले पर मंत्री पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि ईडी पारदर्शिता से काम करे तो हम पूरा सहयोग करेंगे। ईडी को कठपुतली नहीं बनाना चाहिए। लोकसभा (चुनाव) से पहले भी मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव था। मैंने कहा था कि मैं मरते दम तक फांसी पर लटकूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। भाजपा झारखंड में फिर से हारेगी। हम झुकेंगे नहीं। ईडी को छापेमारी में क्या मिला, इसका खुलासा करना चाहिए ताकि जानकारी सार्वजनिक हो सके। दूसरी ओर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सारी चीजें कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं लेकिन इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा। जितना जुल्म होगा हम उतना मजबूत होंगे। आने वाले चुनाव में जनता को तय करना है कि कौन सही है कौन गलत है। ना झुके हैं ना झुकेंगे, डटकर लड़े थे, डटकर लड़ेंगे।

## झारखंड में ईडी का 20 जगह छापा, मंत्री, आला अफसरों, इंजीनियर्स से संबंधित ठिकानों पर दबिश




**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक दबिश दी है। टीमों ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर (इकोनॉमिक ऑफेंस कंप्लेंट रिपोर्ट) दर्ज की है। ईडी ने इससे पहले आठ अक्टूबर को भी इसी मामले में रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा था। इन ठिकानों में पंडरा क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय के ठिकाने शामिल थे। इस छापे के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी जांच अभी जारी है। ईडी ने 12 अक्टूबर को भी चुटिया में छापा मारा था।

## निर्वाचन के कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : रवि कुमार

### विधानसभा निर्वाचन में अवैध निर्वाचन व्यय और एमसीसी उलंघन के मामलों पर एसएसटी एवं एफएसटी रखेंगे पैनी नजर





**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें। इसकी मॉनिटरिंग हर स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें। वे सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है । उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी–विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

# रांची शहर नागरिक मंच की बैठक में जन समस्याओं पर हुई चर्चा



**रांची।** झारखंड में शीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने वाला है। चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने लोगों के लिए घोषणा पत्र तैयार करने और जीतने पर विभिन्न तरह की सेवाएं दिए जाने का भरोसा दिलाना शुरू कर दिया है। इस संबंध में रांची शहर नागरिक मंच ने सोमवार को देवी मंडप के समीप बैठक की। मंच लोगों को चुनाव के प्रति जागरूक कर रही है। मंच के अमृतेश पाठक ने बताया कि झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों के जरिये मुफ्तखोरी और निकम्मेपन को बढ़ावा देने के लिए अनाप-शनाप घोषणाएं की जा रही हैं। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपनी अपनी ओर से राजकीय कोष को लूटने और लूटाने को तैयार हैं। टैक्स पेयर और आम जनता की गाढ़ी कमाई से जमा टैक्स का सदुपयोग करने की बजाय रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। एक होड़ मची है कि कौन कितना ज्यादा लूटा सकता है। कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि लूटाने के लिए पैसे किस प्रकार से और कहां से आएंगे। वर्तमान में किन किन योजनाओं की राशि काटी गई है, कौन कौन से विकास कार्य रोके जा रहे हैं, इसे सत्तापक्ष भी बताना नहीं चाह रहा। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि रांची राजधानी होने पर यहां इतनी समस्याएं क्यों हैं। आज तक बेहतर सड़क, 24 घंटे बिजली, शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी राजधानी रांची निवासी वंचित हैं। अव्यवस्थित शहरीकरण से बारिश में पूरा रांची डुबा रहता है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को आज तक जन उपयोगी नहीं बनाया गया। एक भी बड़े उद्योग-धंधे स्थापित नहीं हुए। बड़े तामझाम से बाहरी निवेश का दावा हवा हवाई साबित हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार पलायन हो रहा है। लोग रोजी रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बाहर निकल रहे हैं। खेतों को सिंचाई के लिए एक योजना धरातल पर नहीं उतरी। महिलाओं को प्रशिक्षित कर स्वावलंबन और आत्म सम्मान से उपार्जन के उपाय करने की बजाय उन्हें मुफ्तखोर की संज्ञा दिलवा कर अपमानित किया जा रहा है। बैठक में राजीव झा, डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा, राजकुमार वर्मा सहित अन्य भी उपस्थित थे।

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक




**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी की सोमवार को रांची के दलादिली स्थित प्रदेश पार्टी कार्यालय में हाई लेवल की बैठक आयोजित की गयी। पार्टी के संयोजक मनोज कुमार, राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने बैठक में पार्टी के जरिये प्रदेश में चल रही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न पर रोक, मानव तस्करी, पलायन तथा सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, वेलफेयर, पल्स, विश्वामित्र, इत्यादि दर्जनों नॉन बैंकिंग कंपनी में लोगों के जमा पैसे के जल्द भुगतान की मांग जैसे राज्यहित की मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाने एवं समाधान निकालने के लिए पार्टी के जरिये घोषित प्रत्याशियों को राज्य की जनता से चुनाव जीता कर विधानसभा भेजने की अपील की गई। साथ ही पार्टी के जरिये झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची 21 अक्टूबर को जारी करने के लिए प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मैंना उरांव, सुखदेव कुमार, आदित्य सिंह, जोहन एक्का, बसंत बड़ाईक उपस्थित थे।

## बारह पड़हा जतरा पूजा सात नवम्बर को

### 12 मुर्गो की बलि प्रथा के साथ होगी जतरा पूजा : बिरसा पाहन



**रांची।** बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में जतरा पूजा की तैयारी लेकर सोमवार को एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने किया और संचालन कृष्णा उरांव ने किया। मौके पर बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 07 नवंबर को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन होगा । जतरा एवं अखड़ा स्थल में पाहन एवं कोटवार के जरिये विधिवत रूप से परंम्पारागत रीति रिवाज, विधि-विधान, 12 मुर्गों की बलि प्रथा और धार्मिक कर्मकाण्ड से पूजा-अर्चना होगी। समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने कहा कि जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गांवों के पाहन के साथ बैठक हुई। इस बार भी रीति-रिवाजों के साथ जतरा पूजा सम्पन्न किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा संदीप उरांव, जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन, रंजीत पाहन, हथिया गोंदा के लाखों उरांव, मतलु कच्छप, पतरा गोंदा के लखन मुंडा, चंदवे के विनोद पाहन, सुजय पाहन, टिकली टोली के डब्लू मुंडा, गोलु मुंडा, समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव, सचिव मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक देवनारायण उरांव, जगन्नाथ उरांव , मंगा उरांव और सुरेश टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंडः BJP ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भूमि घोटाले के मामले में उठाए सवाल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड में भूमि घोटाले से जुड़े मामले में कुछ गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने रांची पुलिस, वकील सुजीत कुमार, भूमि कारोबारी संजीव पांडेय और कुछ अंचल अधिकारियों के संदर्भ में प्रश्न पूछे हैं।

**मरांडी ने अपने सवालों में निम्नलिखित बिंदुओं को शामिल किया**

1. हिरासत की सत्यताः क्या यह सच है कि रांची पुलिस ने सुजीत कुमार को पिछले सात दिनों से बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में रखा है? उन्होंने यह भी पूछा कि जब उन्होंने पहले इस मुद्दे पर सवाल उठाया था, तब रांची पुलिस की ओर से कोई स्पष्टीकरण क्यों नहीं आया?

2. धन की उत्पत्तिः अंचल अधिकारियों द्वारा करोड़ों रुपये एक दलाल वकील को दिए जाने की जानकारी सामने आई है। मरांडी ने यह सवाल उठाया कि अंचल अधिकारियों के पास इतनी बड़ी राशि आई कहाँ से? क्या यह मेरे आरोपों की पुष्टि नहीं करता कि झारखंड, विशेष रूप से रांची में, अरबों रुपये का भूमि घोटाला हुआ है?

3. गिरफ्तारी का प्रश्नः यदि अंचल अधिकारियों ने केस मैनेज करने के नाम पर करोड़ों रुपये एक दलाल को दिए हैं, तो मुख्यमंत्री की सरकार ने अब तक किसी भी अंचल अधिकारी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया?

4. जांच का स्थानांतरणः रांची पुलिस द्वारा सात दिनों तक मामले को लटकाने के बाद अब इसे सीआईडी या एसीबी को सौंपने की योजना क्यों बनाई जा रही है? क्या यह सही नहीं है कि इस मामले को नया मोड़ देकर दोषी अधिकारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है?

5. मुख्यमंत्री की खामोशीः बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप मुख्यमंत्री हैं और गृह मंत्रालय आपके पास है। इस बड़े घोटाले के मामले में आपकी खामोशी को कैसे समझा जाए?

इस तरह के सवालों के जरिए बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री की भूमिका और सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

## जो साथी छोड़ गए उन्हें साथ लाना है : हिमंत विश्व सरमा






**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ मंजू कुमारी ने अपने पिता, पूर्व विधायक सुकर रविदास एवं अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। मौके पर हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि झारखंड से भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हटाने, राज्य में सुशासन को स्थापित करने के लिए सबका साथ जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो साथी छोड़ गए हैं उन्हें फिर से वापस लाकर झारखंड में नया सवेरा लाना है, विकसित झारखंड बनाना है। झारखंड को कुशासन से मुक्त करवाने के लिए भाजपा सभी वर्गों, राज्य के शुभचिंतकों से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करती है। पूर्व विधायक सुकर रविदास और डॉ मंजू कुमारी के योगदान से भाजपा होगी मजबूतः बाबूलाल मरांडी बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुकर रविदास जी जनसंघ काल से पार्टी के नीतियों कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं। दो बार 1977 एवं 1995 में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार भाजपा से जुड़ा परिवार है। पिता और पुत्री दोनों का पार्टी में शामिल होना एक प्रकार से घर वापसी है। उन्होंने कहा कि मंजू कुमारी की योग्यता, अनुभव एवं परिश्रम का लाभ पार्टी को मिलेगा। भाजपा क्षेत्र में और मजबूत होगी। भाजपा ही महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित और समर्पित : मंजू कुमारी डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण केलिए संकल्पित और समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की करोड़ों महिलाएं विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जनधन खाता हो, शौचालय निर्माण हो, प्रधानमंत्री आवास हो या तीन तलाक की समाप्ति सभी ने महिलाओं को सुरक्षा प्रदान किया है। भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार भी प्रदेश में महिला कल्याण के लिए समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश का भला भाजपा ही कर सकती है, परिवारवादी सोच की पार्टियां नहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में दीपक भारती, मोहन दास, कामेश्वर दास, जगदीश दास, संतोष वर्मा, मुनदेव दास, रंजित वर्मा, कामेश्वर शर्मा, दिवाकर वर्मा, संदीप वर्मा, हिमांशु गुप्ता आदि शामिल हैं।

## एचईसी को हर हाल में बचाना हैः अजय नाथ शाहदेव



**रांची।** पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है। पिछले दिनों एचईसी प्रबंधन के जरिये बगैर साइन किए गए एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे। उन्होंने एचईसी प्रबंधन से कहा है कि अपना हठ छोड़ें और एचईसी को बचाने एवं मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें।

## झारखंड कैबिनेट में 29 प्रस्तावों पर मुहर, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से अब मिलेंगे ढाई हजार प्रतिमाह




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से अब राज्य की योग्य लाभुक महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह के बजाए 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि देने का फैसला हुआ यानी साल में अब 12 हजार रुपये बदले 30 हजार रुपये महिलाओं को मिलेंगे। अगस्त से प्रारंभ हुई इस योजना में महिलाओं को एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। दिसंबर से अब 2500 रुपये भेजने की तैयारी है। इसका लाभ 50 लाख महिलाओं को मिलेगा और सरकार को अतिरिक्त नौ करोड़ रुपए वित्तीय भार पड़ेगा सालाना। कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ आठ लाख रुपये की राशि मंजूर की गई। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च होगी। कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अविधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ करके पूरी राशि देने का फैसला। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति। बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया। अनाथ और दिव्यांग बच्चों को निशुल्क ट्यूशन फीस मिलेगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

- राज्य के दिव्यांग, अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निशुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति दी गई। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। यह ट्यूशन फीस 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना दी जाएगी। इसके ऊपर उन्हें खुद वहन करना पड़ेगा। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी। हॉस्टल इत्यादि खर्च के लिए राशि अलग से नहीं दी जाएगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार साल डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गई।
- कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जाएगी।
- राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गई।
- रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गई।
- उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गई। 20 करोड़ खर्च होगा।
- गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंग टी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गई।
- महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत। राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर।
- रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड रुपए की मंजूर की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के निर्माण के लिए 136 करोड़ की योजना मंजूरी की गई।

**असम में रहने झारखंड के 15 लाख से अधिक आदिवासियों के उत्थान लिए बनेंगी योजनाएं**

- असम में रह रहे 15 लाख से अधिक आदिवासी जिन्हें अब तक एसटी का दर्जा नहीं मिला है वह ओबीसी में शामिल हैं, उनके लिए झारखंड सरकार कई तरह की योजनाए लाएगी। इसके लिए आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जाएगी। वहां की स्थिति की जानकारी लेने के बाद उनके हित को लेकर कई योजनाएं लाई जाएंगी।
- भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय किया जाएगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि असम में करीब 70 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है जिसमें झारखंड से करीब 15 लाख 20 से 22 प्रतिशत लोग वहां है। इन्हें सरकारी योजनाओं के सुविधा पहुंचाई जाएगी।
- पारा शिक्षक और कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कर्मी सहायक अध्यापक इत्यादि को ईपीएफओ योजना का लाभ मिलेगा।

हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



# 08 एम्बुलेंस कर्मचारियों का वेतन न मिलने पर हड़ताल, मरीजों को होगी गंभीर परेशानी

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** राज्यभर में 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने वेतन न मिलने और अन्य सुविधाओं के अभाव के कारण हड़ताल कर दी है। इस हड़ताल का असर बोकारो समेत पूरे राज्य में 504 एम्बुलेंस सेवाओं पर पड़ा है, जिससे मरीजों को गंभीर परेशानी हो सकती है। बोकारो जिले के कर्मचारियों ने पहले ही उपायुक्त (डीसी) को पत्र लिखकर अपनी समस्याओं और मांगों की जानकारी दी थी।

हड़ताल में शामिल कर्मचारियों में EMT (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) और एम्बुलेंस चालक शामिल हैं, जो लगातार 24x7 सेवाएं दे रहे थे। कर्मचारियों ने बताया कि बोकारो जिले में 28 एम्बुलेंस हैं, जो अब हड़ताल के कारण ठप पड़ गई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने के बावजूद वे लगातार आपातकालीन सेवाएं प्रदान कर रहे थे, लेकिन अब वेतन और अन्य सुविधाएं न मिलने से वे मजबूर होकर हड़ताल पर चले गए हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि जुलाई-अगस्त 2023 का वेतन Ziqitza Health Care Ltd. (ZHL) द्वारा बकाया है, जबकि सितंबर 2024 का वेतन GVK EMRI कंपनी ने अब तक नहीं दिया है। पिछले एक वर्ष से उन्हें मेडिकल और पीएफ जैसी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। इसके अलावा, दुर्गा पूजा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान भी वेतन न मिलने से उनमें गहरा असंतोष है।

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नई कंपनी द्वारा टेंडर लेने के बाद, उनसे ट्रेनिंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है, और अब तक उन्हें जॉइनिंग लेटर भी प्रदान नहीं किया गया है। कंपनी हर महीने 30 दिन काम कराने के बाद केवल 26 दिन का वेतन देती है, जिससे हर महीने 4 दिन का वेतन काट लिया जाता है। सितंबर 2023 से सितंबर 2024 तक का कुल 52 दिनों का वेतन अभी भी बकाया है।

कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि उन्हें NRHM के तहत स्थायी किया जाए और उनका वेतन नियमित रूप से बढ़ाया जाए। उन्होंने प्रशासन और राज्य सरकार से जल्द समाधान निकालने की अपील की है ताकि वे अपनी सेवाएं फिर से शुरू कर सकें और मरीजों को हो रही असुविधा का समाधान किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### चास-बोकारो की समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिला चेम्बर प्रतिनिधिमंडल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** बोकारो चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव से मिला। इस क्रम में चेम्बर की ओर से उपायुक्त को बोकारो जिले की अनेक समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास में चेक पोस्ट से आईटीआई मोड़ तक बाईपास रोड का निर्माण जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अंचल कार्यालय चास में जमीन से जुड़े अनेक विवाद लंबित हैं, जिनका निपटारा त्रैमासिक कैंप लगाकर किया जाए तथा अंचल कार्यालय में दस्तावेजों का कंप्यूटर कारण करने के दौरान हुई गलतियों को जल्द से जल्द सुधारा जाए, ताकि उसे ठीक कराने के लिए आम जनता को भयादोहन से मुक्ति मिल सके।महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने मांग त्योहारी सीजन दीपावली एवं छठ को देखते हुए चास में हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को निर्देश देकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति में सुधार कराने की मांग की गई। साथ ही, बोकारो हवाई अड्डे को चालू करने में आ रही अड़चनों को जल्द से जल्द दूर कर हवाई अड्डे का परिचालन आरंभ कराने का आग्रह किया। महासचिव ने बोकारो के सिटी सेंटर के सीवरेज लाइन को बोकारो इस्पात प्रबंधन को आवश्यक निर्देश देकर दुरुस्त कराने, मेंटेनेंस एवं रिपेयर के अभाव में बेकार हो चुके जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में शहरी क्षेत्र एवं सेक्टर में लगाये गये ओपन जिम को जल्द से जल्द ठीक कराने, बोकारो में नए उद्योगों की स्थापना के लिए इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना किये जाने की मांग भी की गई। इसके अलावा उपायुक्त का ध्यान चास की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था नगर निगम से जल्द पूर्ण करवाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, सुभाष जैन, अनूप भालोटिया, ब्रह्मदेव प्रसाद, अंकित चोपड़ा, सिद्धार्थ जैन, राजीव कुमार, प्रवीर मंडल, ताराचंद जैन, बिरल भोगानी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

### युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः तालगड़िया :** सियालजोरी थाना के देवग्राम के गंधर्वडीह स्थित एक तालाब में छोटू उर्फ जयनाथ मोदी का शव मिला है। मृतक को शौच करने गए ग्रामीणों ने देखा था। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के मेढ पर युवक का गमछा रखा हुआ है, जिसमें खून के निशान हैं। इसके बाद लोगों को युवक की हत्या किये जाने का संदेह हुआ। शव निकालने के बाद युवक के सिर पर गहरे चोट के निशान पाए गए। युवक बाहर काम करता था, पूजा में गांव आया था। रात्रि में घर से निकला और वापस नहीं लौटा। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची है।

### बगैर माइनिंग चालान के अवैध तरीके से जारी है सैकड़ो ट्रैकों का परिचालन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंजः** साहिबगंज साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में बोल्डर चिप्स की अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा बरहरवा फरक्का मुख्य पथ पर मिर्जापुर फुटानीमोड़ पर स्थापित की गई चेक नाका से होकर बगैर माइनिंग के सैकड़ों ट्रकों का परिचालन होने की समाचार आजकल सुर्खियों में है।हालांकि चेक नाका पर तैनात दंडाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के द्वारा इस खबर को एक अफवाह बताया गया है। यदि चेक नाका के आसपास के ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की माने तो इस पथ से होकर प्रत्येक दिन सैकड़ों ट्रैकों का परिचालन होता है पर इसके अनुपात में चेक नाका पर महज 20 से 30 चालान ही जमा होने की बात सामने आई है। बरहरवा के पूर्व जिला परिषद वृंदा राय के पति ओमप्रकाश राय मिर्जापुर पंचायत के उपमुखिया आलमगीर आलम, पंचायत समिति सदस्य शिव ठाकुर मरांडी तथा अनय भाजपा नेताओं का कहना है कि सुनियोजित ढंग से इस पथ से होकर प्रत्येक दिन बगैर माइनिंग वाले बोल्डर चिप्स बंगाल की ओर ले जाया जाता है।बताया जाता है कि इस खेल में छोटे पदाधिकारी से लेकर स्थानीय छुट भैया नेताओं की भी अहम भूमिका है। बताया जाता है कि कुछ महीना पहले भी इस पथ से होकर बगैर माइनिंग चालान के ट्रकों का परिचालन होने को लेकर समाचार पत्रों में समाचार भी प्रकाशित हुई थी, जिसपर आला अधिकारी ने कड़ी कार्रवाई भी किया था, पर कालांतर में माइनिंग चोरी का यह धंधा अब फिर से परवान चढ़ने लगा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यदि इस पथ से होकर परिचालित होने वाले बगैर माइनिंग चालान वाले बोल्डर चिप्स के वाहनों पर यदि अंकुश नहीं लगाया गया तो स्थानीय लोग एवं जनप्रतिनिधि बहुत जल्द सड़क पर उतरने को विवश होंगे। इस संबंध में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए जब अंचल अधिकारी बरहरवा रामजी वर्मा से संपर्क किया गया तो बताया कि माइनिंग चोरी की बात उसके सामने नहीं आई है,यदि बगैर माइनिंग के ट्रकों का परिचालन हो रहा है तो वह उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### बेड़ो में 29 को कार्तिक उरांव की जयंती पर होगा जतरा का आयोजन



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः संवाददाता बेड़ोः** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक विशु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती के कार्यक्रम को भव्य पूर्वक मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गई। मौके पर जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा देश के महान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। जिसके तहत बेड़ो में भी इस वर्ष से झारखंड एवं देश के महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से इस जयंती समारोह सह जतरा को सफल बनाने का आह्वान किया। मौके पर फागु मुंडा, मनोज भगत, चिलगु उरांव, पुनई उरांव, बन्नू भगत, चंद्र किशोर भगत, मनोज उरांव, अनूप मुंडा, शंकर बड़ाइक सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीआईएसएफ कैंप की दुर्गा प्रतिमा का किया गया विसर्जन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल के सिक्स यूनिट स्थित सीआईएसएफ कैंप में भी की गई दुर्गा पूजा की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को जवानों एवं अधिकारियों ने हर्षोल्लास के साथ कोनार नदी स्थित छठ घाट में कर दिया। इसके पूर्व कैंप में आयोजित दुर्गा पूजा के पंडाल का उद्घाटन सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अरुण प्रसाद ई एवं उनकी पत्नी अनु के द्वारा किया गया था। पूजा में बतौर यजमान भी डिप्टी कमांडेंट पत्नी के साथ मौजूद थे। जबकि बतौर पुजारी सीआईएसएफ के ही कांस्टेबल एके मिश्रा थे। सोमवार को विसर्जन के बाद कैंप में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, रिंकी प्रसाद, स्थानीय थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, अनि बिरेंद्र हांसदा, दीपक कुमार पासवान, मनोज मंडल, सीआईएसएफ के निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून, अनी अजीत कुमार शर्मा, मो इबरार, सअनि सुरेश यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके पूर्व कैंप में ही सीआईएसएफ कर्मियों की महिलाओं एवं बच्चों के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। विजेता कर्मियों एवं बच्चों को डिप्टी कमांडेंट एवं उनकी पत्नी ने सम्मानित किया।

## बोकारो में पिपिंग समारोहः 80 नव-प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को प्रदान किए गए रैंक चिन्ह





राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारो :** दिनांक 14.10.2024 को बोकारो के कोयला क्षेत्र स्थित पुलिस उपमहानिरीक्षक कार्यालय प्रांगण में एक भव्य पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में 112 नव-प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों में से 80 सहायक अवर निरीक्षकों को उनके रैंक का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया।

समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक (कोयला क्षेत्र) श्री सुरेंद्र कुमार झा, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) श्री अनिमेष गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक (नगर) श्री आलोक रंजन, और सार्जेंट मेजर श्री जॉय प्रभाकर लकड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने नव-प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को उनके रैंक चिन्ह प्रदान कर उन्हें बधाई दी।

अपने संबोधन में पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री सुरेंद्र कुमार झा ने सभी नव-प्रोन्नत अधिकारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, और समर्पण के साथ अपने कार्यों को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया।

## बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर की दुर्गा प्रतिमाओं को नम आंखों से दी गई विदाई





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को नम आंखों से एवं अगले वर्ष आने की कामना के साथ कोनार नदी में शाम ढलते ही कर दिया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर थाना के पुलिस पदाधिकारी, जवानों एवं पूजा कमेटी के वॉलंटियर्स के साथ प्रतिमा विसर्जन के जुलूस में शामिल थे। विसर्जन के दौरान स्थानीय डीवीसी की कॉलोनी में प्रतिमा भ्रमण के दौरान बंगाली समुदाय की महिलाओं एवं अन्य श्रद्धालुओं ने नाच-गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कमेटी के आरएस पांडेय, पीके समादार, विनय कुमार सिन्हा, रामेश्वर साव, मोती लाल महतो, कार्तिक घोष, रंजीत मंडल, मृत्युंजय मंडल, शिव राम शर्मा, हरपाल सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, अरविंद शर्मा, हरदीप कुमार, शशि के अलावा पंच मंदिर कमिटी के जोगेंद्र गिरि, जानकी महतो, भुनेश्वर प्रसाद साव, जोधन नायक, खिरोधर महतो, कृष्ण मुरारी, ब्रज किशोर सिंह, आलोक गिरि, अरुण कुमार आदि की मुख्य भूमिका रही। इसके पूर्व रविवार को स्थानीय डीवीसी ऑफिसर्स क्लब एवं सीसीएल कारो स्पेशल फेज दो की प्रतिमा का विसर्जन कोनार नदी छठ घाट एवं फेज दो स्थित तालाब में कर दिया गया था। दोनों ही दिन प्रतिमा विसर्जन को लेकर स्थानीय थाना की पुलिस एवं जवान काफी मुस्तैद रहे।

**महिलाओं ने सिंदूर खेला-** सोमवार को बोकारो क्लब एवं पंच मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व बंगाली समुदाय की महिलाओं सहित सभी महिलाओं द्वारा सिंदूर दान कर आपस में सिंदूर खेला गया तथा अगले वर्ष दुर्गा माता के आने की कामना करते हुए नम आंखों से विदाई दी गई।

## तांतरी में शेड और घाट का हुआ शिलान्यास



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड की तांतरी उत्तर पंचायत के बालिका हाई स्कूल के प्रांगण में बनने वाले शेड और जांघी जोरिया में घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पंसस माधुरी मिश्रा ने किया। स्कूल की छात्राओं ने विधायक प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, भामस नेता रविन्द्र मिश्रा, मुखिया गिरिन्द्र मिश्रा, उप मुखिया नमित मिश्रा, मदन लाल महतो का स्वागत किया। पंसस माधुरी ने कहा कि स्कूल प्रांगण का विस्तारीकरण जल्द शुरू करने का काम होगा। मौके पर छुटूराम प्रजापति, एच एम देवानंद कुमार, हरि महतो, महानंद केवट, उमेश साव, बासुदेव महतो, दयानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## 68 वां धम्म दीक्षा समारोह का आयोजन कथारा में सम्पन्न



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बेरमो अनुमंडल के कथारा में 68वां धम्म दीक्षा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीनाथ सिंह और विशिष्ट अतिथि भिखु सुमित पाल शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना और त्रिशरण पाठ से हुई, जिसके बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मुख्य अतिथि श्रीनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 14 अक्टूबर का दिन ऐतिहासिक है, जब डॉ. अंबेडकर ने बौद्ध धर्म की दीक्षा ली थी. इस दिन लगभग दस लाख लोगों ने उनके साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया था. उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश देता है. यह धर्म समता मूलक समाज की स्थापना की परिकल्पना को साकार करता है, जिसमें दया, करुणा और मैत्री का भाव निहित है. उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सभी धर्मों का गहन अध्ययन करने के बाद बौद्ध धर्म को अपनाया था, क्योंकि यह दुख के निवारण का मार्ग दिखाता है.

समारोह की अध्यक्षता कोलेश्वर बौद्ध ने की, जबकि संचालन बुद्ध भूषण बौद्ध द्वारा किया गया. कार्यक्रम में उमेश बौद्ध, संघ मित्र बौद्ध, लेखवर्धन बौद्ध, अर्जुन बौद्ध, सुदेश बौद्ध, प्रीतम, रामप्रसाद, अनुरोध, परमेश्वर, सीमा, रोशनी, गनील, बासुदेव, सुरेन्द्र, प्यारेलाल, और राजू रविदास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे. इस समारोह ने बाबा साहब की धम्म दीक्षा की स्मृति को पुनर्जीवित करते हुए समानता और सद्भावना का संदेश फैलाया.

## समझौते के बाद बोकारो स्टील प्लांट में आज से किम्स की प्रस्तावित हड़ताल टली

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** प्रबंधन के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हुए समझौते के बाद बोकारो स्टील प्लांट में 15 अक्टूबर से प्रस्तावित क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (एच.एम.एस.) की हड़ताल टल गई है। यूनियन द्वारा इस हड़ताल की घोषणा बोकारो इस्पात संयंत्र के ठेका मजदूरों की समस्याओं को लेकर की गई थी। सोमवार को ठेका मजदूरों की मूलभूत मांगों पर जीत को लेकर संयंत्र के कोक ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग में पूरे संयंत्र के ठेका मजदूरों की विशाल सभा हुई।

सभा को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह- सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि ठेका मजदूरों की चट्टानी एकता ने एक बार फिर प्रबंधन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। मेडिकल चेकअप के नाम पर अब कोई भी मजदूर काम से बाहर नहीं होगा। मेडिकल चेकअप अब एक माह पूर्व से नहीं, बल्कि तीन माह पूर्व से होगी और अगर किसी मजदूर का मेडिकल रिव्यू होता है तो तीन माह के भीतर ही उनका रिव्यू करा लिया जायेगा, फिर भी बैक लॉग बढ़ता है तो एक साथ कैम्प लगाकर एक ही दिन में सभी बैक लॉग को खत्म कर सभी की सेफ्टी ट्रेनिंग कराई जायेगी। सभी मजदूरों को अब मेडिकल जांच के उपरांत जाँच पर्ची बी.जी.एच. उपलब्ध कराएगा और जरूरत के अनुसार ई.एस.आई.सी. को रेफर करेगा, ताकि अगर किसी मजदूर को रेस्ट की जरूरत हो तो उनका वेतन चालू रखते हुए उन्हें रेस्ट दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्रुप इंश्योरेंस पर भी प्रबंधन ने यूनियन एवं मजदूरों की मांग को जायज मानते हुए सहमति जतायी। सभी ठेका मजदूरों के लिए 10 लाख का ग्रुप इंश्योरेंस होगा। ग्रुप इंश्योरेंस के अंशदान (प्रीमियम) की राशि बहुत ही जल्द तय होगी। श्री सिंह ने कहा कि हड़ताल नोटिस में हमारी मुख्य मांग मेडिकल चेकअप के नाम पर मजदूरों की छंटनी रोकने तथा ग्रुप इंश्योरेंस पर जीत से हम उत्साहित जरूर हैं, मगर लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। नाईट शिफ्ट एलाउंस तथा ग्रेच्युटी पर हमारी लड़ाई जारी रहेगी। प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हमने आपकी कुछ मांगों को मान लिया है, बाकी मांगों के लिए हमें थोड़ा समय दें और संयंत्र हित में हड़ताल को वापस लें, नहीं तो संयंत्र को भारी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार यूनियन हैं, हम कभी भी संयंत्र का अहित नहीं सोच सकते हैं। मगर संयंत्र हित के नाम पर हम मजदूरों के

अधिकारों का भी हनन नहीं होने देंगे। उन्होंने 15 अक्टूबर के प्रस्तावित हड़ताल को आगे बढ़ाने की घोषणा करते हुए कहा कि जब तक मजदूरों की सभी मांगों को पूरा करते हुए समान काम का समान वेतन नहीं मिलेगा, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभा श्री सिंह के अलावा शशिभूषण, सुभाष चंद्र कुंभकार, जुम्मन खान, अमित यादव, नवीन तिवारी, शैलेश कुमार, शकील अहमद, नागेंद्र कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



संक्षिप्त समाचार

## आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार, ब्यूरोः साहिबगंज



साहिबगंज के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के भोगनाडीह मैदान में सोमवार को आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय संयोजक विक्टर माल्टो, शामिल हुए।

साथ ही कार्यक्रम में बरहेट विधानसभा के आदिवासी पहाड़िया ग्राम प्रधान बैठक में शामिल हुए। इस दौरान जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड में आदिवासी, पहाड़िया समाज के लोग सुरक्षित नहीं है, यहां के जल जंगल जमीनों को दोहन किया जा रहा है। आदिवासियों की खरीद बिक्री जमीन खरीदनी धड़ल्ले से जारी है, इसके लिए सीएनटी एसपीटी सरकार शक्ति से लागू नहीं कर रही है। संथाल परगना में आदिवासी खतरे में है यहां के जमीन बाहरी लोगों के कब्जे में जा रहे हैं। वर्तमान सरकार ग्राम प्रधान के अधिकारों से वंचित रखा गया है। पी पेसा एक्ट, सीएनटी एसपीटी एक्ट, संथाल परगना रेगुलेशन एक्ट अधिनियम कानून संथाल परगना में लागू नहीं है। आदिवासी पहाड़िया सरकार से चिंतित हैं। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों को कहां की अपने हाथ एवं अधिकार कानून की रक्षा के लिए मिलकर स्वयं करें। आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। संथाल परगना की जमीनों को दोहन होने से बचाए। मौके पर बेटका मुर्मू, यूनीकी मुर्मू, प्रधान टुडू, शिवचरण हसदा, बबलू पहाड़िया, शिव चरण माल्टो, के अलावा अन्य ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए बैठक आयोजित की । दिया बैठक में उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाने एवं विभिन विभाग से आए पदाधिकारियों को सिकल सेल एनीमिया के निवारण तथा प्रबंधन के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया । उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को सिकल सेल एनीमिया निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने प्रखण्ड स्तर पर कमिटी बनाते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में हर माह स्क्रीनिंग एवं बैठक करने का निर्देश दिया । ताकि सिकल सेल एनीमिया से ग्रस्त बच्चों एवं लोगों की पहचान की जा सके। सिकल सेल एनीमिया निवारण तथा प्रबंधन के लिए एसोसिएशन का गठन होना है, जिसमें रिम्स के डॉक्टर को नॉमिनेट कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नहीं रहे जनसंघ के संस्थापक सदस्य वनमाली राम, विभिन्न संगठनों ने शोक व्यक्त किया



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः कोडरमा।** जनसंघ के संस्थापक सदस्य बनमाली राम के निधन से सामाजिक संगठन, राजनीतिक और धार्मिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है। 94 वर्षीय वनमाली राम ने सोमवार को विद्यापुरी स्थित अपने निवास स्थान में अंतिम सांस ली। उनकी समाजसेवा और विचारशीलता के कारण उन्हें माहुरी समाज ने "समाज चिंतक" की उपाधि से नवाजा था। वर्ष 2022 में माहुरी वैश्य महामंडल गिरीडीह द्वारा आयोजित 109वें वार्षिक अधिवेशन में उन्हें यह सम्मान दिया गया था। बनमाली राम का जीवन समाज सुधार और संगठन के कार्यों में समर्पित रहा। माहुरी समाज के उत्थान के लिए उन्होंने जीवनभर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने "मनीराम भदानी शिक्षा न्यास" की स्थापना कर समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का काम किया। उनकी सक्रियता केवल समाज सुधार तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने धार्मिक प्रचार-प्रसार में भी अहम भूमिका निभाई। 1970 और 1974 में उन्होंने "सिद्धीदात्री माँ मथुरासिनी पूजन" का आयोजन कर माहुरी समाज में धार्मिक परंपराओं को मजबूत किया। उनके संकलन में तैयार की गई "दैनिक वंदना" को समाज में व्यापक रूप से स्वीकार किया गया और नियमित पूजा पद्धतियों के लिए मार्गदर्शन का स्त्रोत बनी। राजनीतिक क्षेत्र में भी उन्होंने झुमरी तिलैया नगर और कोडरमा जिले में भारतीय जनता पार्टी के विकास के लिए अनेक प्रयास किए। वह हजारीबाग जिला समिति में उपाध्यक्ष और कोडरमा जिला में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी उन्होंने नगर कार्यवाह के रूप में सेवाएं दीं और संघ की गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। बनमाली राम के अंतिम संस्कार में समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हुए। उनके पुत्र आशुतोष भदानी विहिप एवं कई धार्मिक संगठन से जुड़े है। इधर केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व ज़िप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, माहुरी महामंडल के उपाध्यक्ष रवि कपसीमे, अरुण सेठ, डॉ सागरमणि सेठ, सुनील भदानी, मुन्ना भदानी, अधिवक्ता सुरेंद्र आर्या, प्रदीप सुमन, रीमा देवी, संतोष सेठ, जयंती सेठ, सुषमा सुमन, मनोज पहाड़ी, राजेश कप्सिमे, अविनाश सेठ, मनीष कप्सिमे सहित अन्य ने उनके निवास जाकर शोक संवेदन प्रकट किया।

# पूर्व विधायक अखिल अख्तर ने किया विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार ब्यूरो



**साहिबगंजः** साहिबगंज के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड स्थित मिल्लत हाई स्कूल मैदान में पूर्व विधायक अकिल अख्तर के नेतृत्व में पाकुड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व विधायक अकील अख्तर का अभिनंदन किया गया, जिनके नेतृत्व और समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को जनता ने सराहा। जनता के बीच से आई आवाज़ों ने स्पष्ट रूप से बताया कि अकील अख्तर ने जनहित में जिस प्रकार से कार्य किया है, उससे उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। जनता ने यह भी कहा कि उनका समर्पण और ईमानदारी, जनता के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की उनकी नीति का प्रमाण है।

पाकुड़ विधानसभा के अंतर्गत आयोजित कार्यकर्ता स्तरीय सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा नेता अफीफ अमसल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया, जो आने वाले दिनों में संगठन की मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने सम्मेलन में आए सभी कार्यकर्ताओं का तहे दिल से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

वहीं अकील अख्तर ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा आपकी मेहनत और समर्पण ही हमारे संघर्ष की असली ताकत है। आज का सम्मेलन इस बात का प्रतीक है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी के समर्थन से ही हम आने वाले समय में और भी बड़े परिवर्तन ला सकेंगे। इस सफल आयोजन में संगठन की दिशा और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं की सहभागिता और संगठन के सशक्तिकरण को प्रमुखता दी गई। सम्मेलन ने यह संदेश दिया कि आने वाले समय में कार्यकर्ताओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। सम्मेलन के समापन के दौरान कार्यकर्ताओं और जनता ने अकील अख्तर को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना की।

### आकलन से अधिक पहुंचे लोग, मंच पड़ गया छोटा, तपती धूप में भी डटे रहे लोग

उक्त कार्यक्रम को लेकर आयोजन कमेटी द्वारा अथक तैयारी किया गया था। प्रखंड, जोन एवं पंचायत स्तर पर प्रभारियों द्वारा एकजुटता के साथ उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मेहनत की गई थी। जिसके फलस्वरूप आकलन से भी अधिक लोग पूर्व विधायक अकिल अख्तर को सुनने कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। आलम यह था कि श्रीकुंड बाजार सहित पलाशबोना तक वाहनों की लंबी कतार के कारण काफी जाम लग गया एवं हजारों कार्यकर्ता कार्यक्रम तक अंत तक पहुंच ही नहीं पाए। लोगों के लिए कुर्सियां एवं मंच भी छोटा पड़ गया, जिससे लोग तपती धूप में डटे रहकर पूर्व विधायक अकिल अख्तर को सुना। इससे पूरे कार्यक्रम स्थल में उत्साह का माहौल बना रहा। उक्त कार्यक्रम में युवा नेता मो. मोसब्बर, बरहरवा प्रखंड अध्यक्ष अंसार अली उर्फ मिंटू, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष रफीक अहमद, मो. सायेबान, मुजीबुर रहमान, अब्दुल मालिक, अशोक घोष, सरफराज अहमद, राजीव रंजन, रमजान अली, इकबाल अंसारी, अब्दुर रशीद, अफजल मुखिया, कमरुज्जमान, कमरुद्दीन, अब्दुल हाजी, मौलाना अंजारुल, मौलाना खैरुल, राहुल मुखिया, मौलाना केरामुल्लाह, मंजूर आलम, लखी कुमारी सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रेन चालकों ने जमालपुर से ब्रह्मपुत्र मेल में चालक देने का जताया विरोध



सुजीत कुमार, ब्यूरो, साहिबगंज

**साहिबगंजः** क्रू बुकिंग लॉबी से परिचालित 15658/15657 ब्रह्मपुर मेल ट्रेन का अब जमालपुर क्रू बुकिंग से परिचालन कराने के ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों समेत लोको पायलटों ने सोमवार की रात नौ बजे रेलवे प्लेटफार्म नम्बर एक ब्रहपुत्र मेल एक्सप्रेस के समय विरोध प्रदर्शन किया है. साहिबगंज के चालकों ने बताया कि 13428/13427 साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी ट्रेन का भी परिचालन साहिबगंज से हटा कर हावड़ा से कराया जा रहा है. साहिबगंज के चालक बीते कई वर्षों से 13133/13134 सियालदाह-वाराणसी एक्सप्रेस ट्रेन वर्धमान तक संचालित कर रहे थे.लेकिन कोरोना काल में उक्त ट्रेन का परिचालन बंद कर दिया गया. जोकि साहिबगंज के चालकों के हित में नही है जबकि पूर्व में जमालपुर से साहिबगंज तक चालक आया करते थे. फिर साहिबगंज से मालदा के लिए चालक का प्रस्थान होता था. लेकिन अब उक्त व्यवस्था को बदल दी गई है. हालांकि साहिबगंज के चालक लंबी दूरी की ट्रेन चलाने के लिए तैयार हैं.इसे विरोध में रेल लोको चालको ने रेल प्रशासन के खिलाफ़ नारे भी लगाए है।मौके पर चालक केके कमलेश, डीके तांती, डी गुप्ता, राजेश, बी रजक, आर के गुप्ता, मुकेश आदि थे

## ग्रामीणों ने सड़क समस्या को लेकर वोट बहिष्कार का किया ऐलान

राष्ट्रीय मुख्यधाराः सुजीत कुमार ब्यूरो



**साहिबगंजः** साहिबगंज के बोरियो प्रखंड क्षेत्र के बिशनपुर और पोआल पंचायत के दस गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर से सड़क समस्या को लेकर वोट बहिष्कार का एलान किया है।

सोमवार के दिन तारापुर, सुवारमारी, मुर्गाबानी, सहित दस गांवों के ग्रामीणों ने तारापुर गांव के पास एकजुट होकर वोट बहिष्कार का एलान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि तारापुर गांव के पास कच्ची सड़क इतनी कीचड़मय है कि ईधर से पैदल गुजरना भी मुश्किल है, वाहनों और दोपहिया वाहनों की बात तो दूर है।

सड़क न होने के कारण आठ से दस किलोमीटर दूर ग्रामीणों को घूमकर जाना पड़ता है। विगत लोकसभा चुनाव से पहले इन गांवों से सड़क निर्माण को लेकर वोट बहिष्कार का एलान किया गया था, तब ग्रामीणों को प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव व अंचलाधिकारी विजय हेमराज खालको के द्वारा आश्वासन देकर मतदान कराया गया था, दोनों ही पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया था कि लोकसभा चुनाव के बाद सड़क का निमार्ण कार्य शुरु कर दिया जाएगा। हालांकि लोकसभा चुनाव के बाद सरकारी स्तर से इन गांवों की सुविधा के लिए सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ किया गया है, लेकिन सिर्फ सड़क किनारे मेटल गिराकर रख दिया गया है। पंचायत जनप्रतिनिधियों या ग्रामीणों को ये भी नहीं पता है कि सड़क किस योजना के तहत बनाया जायेगा, और कितने दिनों में इसका निमार्ण कार्य पूरा किया जाएगा। मालूम हो कि इस सड़क निमार्ण के लिए किसी भी प्रकार की योजना पट्ट या बोर्ड नहीं लगाया गया है। जबकि इन ग्रामीणों को जल्द से जल्द सिर्फ सड़क चाहिए ताकि इन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। यही वजह है कि सड़क निर्माण में अति विलंबता को देखते हुए ग्रामीण एक बार फिर से वोट बहिष्कार का एलान कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द सड़क बना दिया जाता है तो मतदान अवश्य किया जाएगा, लेकिन सड़क निर्माण कार्य में देरी हुई तो मजबूरन वोट बहिष्कार करना पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मुखिया गैबरियल बास्की, पंचायत समिति सदस्य बेटाराम हेंब्रम, टुनटुन ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीणों मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता डॉ. मंजू देवी और पूर्व विधायक सुकर रविदास ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

राष्ट्रीय मुख्यधारा




रांचीः पूर्व विधायक सुकर रविदास और उनकी पुत्री, कांग्रेस की नेत्री डॉ. मंजू देवी ने सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के मुख्यमंत्री तथा प्रदेश भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया।

कार्यक्रम में हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि पार्टी को छोड़कर गए पुराने लोगों का तन-मन हमेशा भाजपा के साथ रहा है और आगे बढ़ते समय नए साथी भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में एनडीए गठबंधन अपने सहयोगियों के साथ मजबूती से चुनाव लड़ेगा। सरमा ने आगे बताया कि आजसू पार्टी के साथ केवल एक सीट के लिए बातचीत अंतिम चरण में है, जिसमें संभवतः उन्हें 11 या 9 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, जदयू को दो सीटें मिलने की संभावना है।

उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व और अन्य मुद्दों पर बातचीत की आवश्यकता पर भी बल दिया। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा के लिए सीटों पर बातचीत जल्द ही तय होने की उम्मीद जताई, उन्होंने बताया कि चिराग पासवान वर्तमान में विदेश में हैं और 16 अक्टूबर को लौटने के बाद इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

हिमंता ने यह भी जानकारी दी कि भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर चुकी है और जल्द ही अपने कैंडिडेट की घोषणा करेगी। चुनाव आयोग जब भी झारखंड के लिए चुनाव की तारीख का ऐलान करेगा, भाजपा 24 से 28 घंटे के भीतर अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए कैंडिडेट का नाम घोषित कर देगी। चंदनक्यारी सीट पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए हिमंता ने स्पष्ट किया कि यह सीट भाजपा के हिस्से की ही रहेगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सुकर रविदास, आरती कुजूर सहित अन्य प्रमुख नेता भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से मुड़मा के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने 18 एवं 19 अक्टूबर को "राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)" के अवसर पर आयोजित पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## जनजातियों के धार्मिक स्थलों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार कृतसंकल्प : विधायक शिल्पी नेहा तिर्की

राष्ट्रीय मुख्यधारा

### बेड़ो में विधायक ने 32 योजनाओं का किया शिलान्यास



**बेड़ोः** जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति राज्य सरकार कृतसंकल्प है। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को कल्याण विभाग के तहत मांडर विधानसभा के पांच प्रखंड में से मांडर, चान्हो, इटकी, बेड़ो व लापुंग प्रखंड के 32 गांव में बनने वाली सरना स्थल, मसना स्थल व धुमकुड़िया के घेराबंदी निर्माण कार्य के संयुक्त शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा जनजातियों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी किया जा रहा है। धार्मिक स्थलों की घेराबंदी हो जाने के बाद ग्रामीण इस स्थल का सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कामों में इसका उपयोग आसानी से कर पाएंगे। अब यह स्थल पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर होगा। वहीं झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसना, झखरा, धुमकुरिया, अखरा एवं सरना का घेराव किया जा रहा है। जिससे झारखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित व विकसित किया जा सके। वहीं मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी नकुल साह मुखिया रमेश उरांव, रमेश महली पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मो फहीम, सोमरा लोहरा, राज कमल गोप व मनकु कुजुर समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।




हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



# सीआरपीएफ,अधिवक्ता के अलावे अन्य एक घर से स्कूटी सहित लाखों की चोरी







**पाकुड़:** पुलिस के लाख प्रयास के बावजूद शहर में चोरी की घटना में विराम नहीं लग रहा है। चोर आये दिन शहर में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी है। अज्ञात चोरों ने रविवार की रात्रि को नगर थाना क्षेत्र के खदानपाड़ा सुदामा कॉलोनी में तीन बंद घरों में ताला तोड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते से घर मे प्रवेश किया था। जिसके बाद घर के मुख्य द्वार के ताला को तोड़कर लाखों की चोरी किया है। चोर ने सीआरपीएफ के हवदार अनादि प्रसाद साह के घर मे रखे स्कूटी, सोना , चांदी, इन्वर्टर, टीवी, बैटरी सहित अन्य समान को अपने साथ ले गए है। वही किशोर कुमार के घर मे रखे दो लैपटॉप, प्रिंटर, सोने का एक माला, चांदी का पायल, टीवी एंव अधिवक्ता पिंटू दास के घर मे रखे समान की चोरी की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद, एसआई विकर्ण कुमार पुलिस बलों के स्थान घटना स्थल में पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है। वही पुलिस ने मुहल्ले के एक घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला है। सूत्रों की माने तो पुलिस को घटना से संबंधित कुछ सुराग हाथ लगे है। इसी के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

**क्या कहते है अधिकारी:** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने कहा कि चोरी की घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस जांच में जुटी है। जल्दी ही गृह चोरी की घटना में संलिप्त चोर पुलिस गिरफ्त में होंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक संपन्न



- पदाधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण करने का दिया निर्देश
- राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के कार्यों में तेजी लाते हुए लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करें:उपायुक्त

**पाकुड़ :** सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने की। बैठक में खनन, मत्स्य, उत्पाद, निबंधन, बाजार समिति, सहायक निबंधन अंकेक्षण, वाणिज्यकर, मापतौल, परिवहन,वन, विद्युत,नगर परिषद, भूमि सुधार, समेत सभी अंचलों को राजस्व संग्रहण के लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त संग्रहण की समीक्षा की गई और राजस्व संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए। खनन विभाग द्वारा अब तक की गई राजस्व संग्रहण की जानकारी ली, इसे और बढ़ाने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। इस क्रम में उत्पाद विभाग, नगर परिषद एवं सभी विभागों को राजस्व में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ऑनलाइन लगान, सैरात, नीलाम पत्र समेत राजस्व से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, सभी अंचलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि सही मात्रा, सही समय, सही लाभुक को खाद्यान्न उपलब्ध कराना:डीसी



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आपूर्ति व सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से खाद्यान आपूर्ति, जन वितरण प्रणाली दूकान से संबंधित मामले, दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, धोती साड़ी योजना समेत आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित अन्य सभी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण को लेकर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्डधारी लाभुकों को उचित दरों पर उचित मात्रा में ससमय खाद्यान्न वितरण करना सुनिश्चित करायें। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को राशन कार्ड से संबंधित लंबित मामलों को त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो भी खाद्यान्न का उठाव हो रहा है उसके वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। वहीं सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा विगत वर्ष की धान अधिप्राप्ति वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 22% धान अधिप्राप्ति होने के कारण नाराजगी प्रकट करते हुए सभी सहकारिता पदाधिकारी को सबसे कम उपलब्धि वाले लैम्प्स को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत धान अधिप्राप्ति करने का निर्देश सहकारिता पदाधिकारी को दिया। उपायुक्त ने कहा कि धान अधिप्राप्ति कार्य में किसी भी प्रकार का अनियमितता नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो को सहकारिता विभाग से संबंधित एक वृहत कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देश दिया। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रजीत खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, सभी एमओ, एजीएम, बीसीओ व लैंप्स सदस्य सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

## विद्यालय के मैदान में प्रधान शिक्षक ने की उड़द की खेती, ग्रामीणों ने जताया विरोध



**हिरणपुर :** प्रखंड के गोपालपुर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को अजीब स्थिति देखने को मिली। जहाँ विद्यालय निकट पक्की चाहरदीवारी से घेरे मैदान में प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर साहा के द्वारा उड़द की खेती की गई है। इसको लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया है। विद्यालय से सटे खाली पड़े करीब एक बीघा जमीन जो सरकारी जमीन है। इसमे एक कोने पर जलापूर्ति की टँकी बनी हुई है , वही बाकी जमीन पर स्कूली बच्चे वर्षो से खेलकूद करते आ रहा है। इस जमीन को बीते वर्ष स्कूल प्रशासन के द्वारा चाहरदीवारी का निर्माण किया गया है। पर इस जमीन पर उड़द की खेती किये जाने से स्कूली बच्चों को खेलने से वंचित होना पड़ रहा है। मैदान में पूरी तरह झाड़ उग आया है। ग्रामीण सुबल ठाकुर , हिराल मण्डल , सुभाष मण्डल ,मनोहर मण्डल , दर्शन मण्डल ,प्रसेनजित मण्डल आदि ने बताया कि विद्यालय के मैदान में बच्चे खेलकूद करता था , जिसे प्रधान शिक्षक के द्वारा इस मैदान में उड़द की खेती की गई है। जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। आखिर स्कूली बच्चे कहां खेलने जायेगे। प्रधान शिक्षक द्वारा कहा गया कि स्कूली बच्चे अन्य दूसरे मैदान में भी खेल सकता है। प्रधान शिक्षक द्वारा काफी मनमानी की जा रही है। वही प्रधानाध्यापक से जानकारी मांगने पर बताया कि यह जमीन सरकारी है। इस जमीन को वर्ष 2007 में ग्राम प्रधान के द्वारा विद्यालय के नाम किया गया था। जिसमे चाहरदीवारी का भी निर्माण किया गया है। इसमे स्कूली बच्चे खेलते भी थे। पर जमीन की सुरक्षा को लेकर इसमे अन्य पौधरोपण सहित उड़द की खेती भी की गई। इसमे मेरे द्वारा गलती हुई है। वही स्कूली बच्चों की खेलने की मैदान को लेकर पूछने पर बगले झांकने लगा। इस सम्बंध में बीईईओ रफीक आलम सम्पर्क करने पर बताया कि बच्चो की खेलने जगह पर खेती करना सरासर गलत है। मैदान को सुरक्षित रखना आवश्यक था। इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बीएलओ और सुपरवाइज़र का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला-सह-सम्मान समारोह का आयोजन




- निर्वाचन की नींव है बीएलओ, लोकसभा निर्वाचन से भी बेहतर कार्य करें- डीसी
- उपायुक्त ने बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई
- लोकसभा आम चुनाव 2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 बीएलओ एवं 7 बीएलओ पर्यवेक्षक को उपायुक्त व उप विकास आयुक्त ने शाल देकर सम्मानित किया

**पाकुड़ :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आज रविन्द्र भवन टाउन हॉल में बीएलओ एवं पर्यवेक्षक की उन्मुखीकरण कार्यशाला -सह- सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक का उत्साहवर्धन किया तथा आने वाले विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इंफॉर्मेशन स्लीप) का मतदान की तिथि से पांच दिन पूर्व मतदाताओं के बीच वितरण करने एवं मतदाता रजिस्टर पर मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त करने वाले मतदाता का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान प्राप्त करने, अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत वोटर की सूची तैयार करने एवं पुराना लेमिनेटेड मतदाता फोटो पहचान पत्र वाले मतदाताओं का विवरण विहित प्रपत्र में तैयार करने की बात कही। जिन मतदाताओं के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, वैसे मतदाताओं का भी विवरण प्रपत्र में तैयार कर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं 85+ तथा दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग कराने में सहयोग करने, मतदान पूर्व दिवस (पी -1) में मतदान दल से समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करने, मतदान दिवस में हेल्प डेस्क कार्य करने, मतदान केंद्र पर सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य की जानकारी सभी बीएलओ को दिया गया।

**अपने घर के उत्सव जैसा माहौल तैयार कर संपन्न करायें चुनाव कार्य:-डीसी:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक से कहा कि मतदान जागरूकता दल बनाकर मतदाताओं को जागरूक करें तथा सूची का घर घर सत्यापन में बीएजी का सहयोग लें। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में रात्रि चौपाल लगाकर शत प्रतिशत मतदाताओं से संपर्क कर चुनाव गतिविधियों को करेंगे। उन्होंने मतदाता सूची संशोधन पत्र में किए गए प्रतिदिन कार्य का प्रतिवेदन निर्वाचन निबंधन कार्यालय में निश्चित रूप से जमा करने का भी निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया के द्वारा भी चुनाव संबंधी बारीकियों पर प्रकाश डाला गया तथा बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का उत्साहवर्धन किया। 14 बीएलओ तथा 7 बीएलओ पर्यवेक्षक को शाल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को पुनः सम्मानित किया जाएगा। विधानसभा आम चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान कराने को लेकर उपायुक्त व उप विकास आयुक्त एवं उप निर्वाची पदाधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें मतदाताओं से आह्वान किया कि अपने घर, आस-पड़ोस, सगे-संबंधी सभी को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। स्वीप कार्यक्रम के तहत भारत चुनाव गाने पर मोबाइल प्रकाश लहराकर रोशनी से पूरे हॉल को जगमगाया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया कार्यशाला में अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, बीडीओ पाकुड़ समीर अल्फ्रेड मुर्मू, अंचलाधिकारी भागीरथ महतो, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ उपस्थित थे।

## अज्ञात कार के चपेट में आने से बाइक चालक जख्मी



**पाकुड़िया :** थाना क्षेत्र के नलहट्टी-पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क पर सोमवार को एक अज्ञात कार ने मोटरसाइकिल को पिछे से ठोकर मार दिया। जिससे मोटरसाइकिल असंतुलित होकर सड़क पर गिर जाने से थाना क्षेत्र के पलियादाहा गांव निवासी 25 वर्षीय माइकल मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलियादाहा गांव के 25 वर्षीय माइकल मुर्मू पलियादाहा से अपने घर से पाकुड़िया की ओर आ रहा था।

इसी क्रम में पीछे से एक कार ने ठोकर मार दिया। जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल चालक को घायल अवस्था में देख ग्रामीणों ने थाना को सूचना दिया। मौके पर थाना के एसआई मनोज महतो एवं एएसआई मुद्रिका प्रसाद पुलिस जवानों के साथ पहुंच कर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार किया। प्रभार चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सफीउल ओला ने बताया कि माथे में गंभीर चोट की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। माथा एवं बाएं कान के पास ज्यादा चोट आई है।

## उपायुक्त ने डाक विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ किया वोटर आईडी कार्ड वितरण की समीक्षा



- मतदाता के पहचान पत्र को घर-घर पहुंचाने का काम करें डाक विभाग, डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी निभाएं अपनी जिम्मेदारी, नहीं तो की जाएगी नियमानुसार कार्रवाई:उपायुक्त
- उपायुक्त ने स्वीप कार्यक्रम के तहत डाक विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई

**पाकुड़ :** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में डाक विभाग के पदाधिकारियों के साथ वोटर आईडी कार्ड वितरण की समीक्षा। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर नये वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में प्रत्येक दिन आ रहें हैं। उसका शत प्रतिशत वितरण करना सभी पदाधिकारी एवं कर्मी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डाक विभाग के सभी पदाधिकारी से अनुरोध किया कि जितने भी वोटर आईडी कार्ड पोस्ट आफिस में आ रहे हैं, उसको अविलंब मतदाता के घर तक पहुंचाया जाय एवं उपायुक्त ने सभी को वोट करने हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी एवं कर्मी का डिटेल्स कार्मिक कोषांग को देना सुनिश्चित करें। सभी वोटर आईडी कार्ड को प्रतिदिन प्रेषण करायें। कोई भी वोटर आईडी कार्ड अप्राप्त नहीं होने चाहिए, नहीं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार त्रिवेदी समेत अन्य डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे

## झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी ने जनसंपर्क अभियान चलाया



**महेशपुर :** प्रखंड के पथरिया पंचायत अंतर्गत बरमसिया गांव मे रविवार शाम को झामुमो के युवा नेत्री उपासना मरांडी ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जहां युवा नेत्री के पहुंचने पर ग्रामीणों ने माला पहनाकर उसका स्वागत किया। इस अवसर पर बरमसिया गांव के अन्य राजनीतिक दलों के दर्जनों कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हुए। वहीं युवा नेत्री उपासना मरांडी ने कार्यकर्ताओं का पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर युवा नेत्री उपासना मरांडी ने सभी को हेमंत सोरेन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। साथ ही कैसे योजनाओं का लाभ लें इस पर भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। मौके पर कालीदास सोरेन समेत स्थानीय मौजूद थे।

## 21 वी पशु गणना प्रगणक द्वारा विभिन्न गांव में शुरू



**पाकुड़िया:** प्रखंड के अंतर्गत खिजुरडांगाल एवं लागडुम पंचायत के विभिन्न गांव में 21 वी पशुगणना सरकार के निर्देश पर पशुपालन और डेयरी मंत्रालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग पशुपालन संख्या की पराभाग प्रगणक कर्मियों को प्रशिक्षण कर नियुक्त कराया गया है । गांव के टोला मोहल्ले घर घर जाकर पशुओं का सर्वे कर रहें हैं । जहां सर्वे कर्मियों के पशु पाशुपालोंको का डिटेल नाम पता और आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर सुबास्टेन हेंम्बरम द्वारा बहुत जोर सौर से गणना में जुट गए हैं । वही सर्वे के दौरान बताया कि चार महीने के अंदर में सारे गाँव का पाशुओ का सर्वे तैयार कर विभाग को रिपोर्ट भेजना है ।

## अतिक्रमित जमीन को खाली कराने का निर्देश

**पाकुड़:** नगर थाना क्षेत्र के गोकुलपुर स्थित बाजार समिति परिसर का अंचल निरीक्षक शुभाशीष कुमार ने निरीक्षण कर अतिक्रमित जमीन को खाली कराने का निर्देश है।

सीआई ने कहा कि बाजार समिति परिसर में खाली पड़े जमीन में कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर दुकान कर रखा है।

उक्त जमीन पर अतिक्रमण कराने की शिकायत कृषि बाजार उत्पात सचिव ने की है। इसी शिकायत पर उक्त जमीन को खाली करने का दुकानदारों को निर्देश दिया है।

जल्द ही दुकान खाली नहीं कराए जाने पर प्रशासन की ओर से खाली कराया जाएगा।

# नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं। यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवतः जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी, वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चरबी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस सच्चाई की पुष्टि हैं। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस संवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चरबी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी संवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल (जैसीकि मान्यता है) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी!

# मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। ?इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। ?करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।

# रील लाइफः आभासी दुनिया की अंधी दौड़ में गुम होती असलियत



पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'

आज का युवा रील लाइफ में जी रहा है। सोशल मीडिया के इस दौर में रील्स का क्रेज युवाओं के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील्स के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का माध्यम खोज रहे हैं, लेकिन इसके पीछे छिपे खतरों को नजरअंदाज कर रहे हैं। भारत में टिकटॉक के बैन के बाद से इंस्टाग्राम रील्स ने अपनी जगह बना ली, और इस नई आभासी दुनिया का हिस्सा बनने की होड़ में युवा खुद को खतरे में डाल रहे हैं।

इंस्टाग्राम रील्स 30 सेकंड के शॉर्ट वीडियो के रूप में शुरू हुआ था, जो अब 90 सेकंड तक का हो चुका है। लेकिन इस छोटे से समय में ही यह युवाओं के जीवन में एक बड़ा हिस्सा बन चुका है। रील्स बनाने का यह क्रेज धीरे-धीरे युवाओं की पहचान का हिस्सा बन गया है। अब यह सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने का जरिया बन चुका है। "लाइक्स" और "फॉलोअर्स" बढ़ाने की होड़ में युवा खुद को जोखिम में डालते हुए कई बार गंभीर हादसों का शिकार हो रहे हैं।

**रील्स बनाने की आड़ में बढ़ता जोखिम-** हाल ही में कुछ ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जो यह साबित करती हैं कि रील्स का यह क्रेज युवाओं को किस तरह से खतरे में डाल रहा है। लखनऊ में एक युवक ने चलती ट्रेन के सामने खड़े होकर रील बनाने का प्रयास किया और इसकी चपेट में आकर उसकी जान चली गई। दिल्ली में दो युवाओं ने फ्लाईओवर पर खड़े होकर बाइक से स्टंट करते हुए वीडियो बनाया, लेकिन उनका संतुलन बिगड़ गया और गंभीर चोटें आईं।

इन घटनाओं के अलावा रोज़मर्रा में ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। कभी कोई ऊंची इमारत से स्टंट कर रहा है, तो कभी कोई रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन के सामने खड़ा होकर वीडियो बना रहा है। सवाल यह है कि क्या यह आभासी लोकप्रियता इतनी महत्वपूर्ण हो गई है कि इसके लिए जान तक दांव पर लगा दी जाए?


**मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव-** रील्स के इस क्रेज का असर न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव, और ज्यादा फॉलोअर्स पाने की होड़ में युवा मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। जब उन्हें उनकी पोस्ट पर वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो यह उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाती है। इससे वे निराश हो जाते हैं और और अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताने लगते हैं, जिससे यह समस्या एक चक्रव्यूह बन जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समस्या दिन-ब-दिन विकराल होती जा रही है। सोशल मीडिया की इस आभासी दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में युवा यह भूल जाते हैं कि असल जीवन में चीज़ें इतनी परफेक्ट नहीं होतीं। हर किसी की जिंदगी में चुनौतियां होती हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर एक आभासी दुनिया दिखाई जाती है, जो वास्तविकता से कोसों दूर होती है। इस आभासी जीवन की तुलना में असल जीवन की वास्तविकताएं युवाओं को निराश कर देती हैं, जिससे वे और भी अधिक सोशल मीडिया पर समय बिताने लगते हैं।

**बच्चों और युवाओं में बढ़ता सोशल मीडिया का आकर्षण-** सोशल मीडिया का आकर्षण सिर्फ युवाओं तक सीमित नहीं है। अब तो छोटे बच्चों तक में भी रील्स बनाने की आदत घर कर रही है। बच्चे घर में अकेले रहते हैं और मोबाइल पर रील्स बनाते हैं। यह उनके मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। बच्चों का मोबाइल के प्रति बढ़ता आकर्षण एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। छोटे बच्चों का झुकाव भी इस आभासी दुनिया की ओर बढ़ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि परिवार के बड़े सदस्य भी हर समय मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। बच्चे अपने अभिभावकों की देखादेखी करते हैं और उन्हें भी यह आभासी दुनिया आकर्षित करती है।

**समस्या के समाधान की दिशा में कदम-** इस समस्या से निपटने के लिए समाज के हर वर्ग को मिलकर काम करना होगा। सबसे पहले, अभिभावकों को यह समझना होगा कि बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रखना अब एक आवश्यकता बन गई है। इसके लिए बच्चों के साथ समय बिताना, उन्हें रचनात्मक गतिविधियों में शामिल करना और उन्हें असल जीवन की महत्ता समझाना जरूरी है। बच्चों को बाहर खेलने, पढ़ाई करने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि वे इस आभासी दुनिया के जाल में न फंसें।

साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। शिक्षकों को भी यह जिम्मेदारी उठानी होगी कि वे अपने छात्रों को इस आभासी दुनिया से बचाकर वास्तविक दुनिया की चुनौतियों और अवसरों के प्रति जागरूक करें।



**रील्स का सही उपयोग-** रील्स का क्रेज अगर सही दिशा में मोड़ा जाए, तो यह युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर बन सकता है। रील्स बनाने का यह क्रेज यदि सकारात्मक उद्देश्यों की ओर मोड़ा जाए, तो इससे युवाओं को रचनात्मक तरीके से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सकता है। संगीत, नृत्य, फिटनेस, तकनीकी ज्ञान, विज्ञान, हास्य-व्यंग्य, और सेहत से जुड़े मुद्दों पर रील्स बनाकर वे न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोकप्रिय हो सकते हैं, बल्कि दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन सकते हैं।

इस दिशा में एक और जरूरी कदम यह है कि सरकार और प्रशासन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट मॉडरेशन की सख्त व्यवस्था करे। ऐसे खतरनाक स्टंट्स और रील्स पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है, ताकि युवा खुद को खतरे में डालने से बच सकें। इसके साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और ऐसे खतरनाक कंटेंट को बढ़ावा देने से बचना होगा।

आज का युवा आभासी दुनिया में जी रहा है, जहां लाइक्स और फॉलोअर्स की गिनती उसकी असल पहचान को प्रभावित कर रही है। असल जीवन से ज्यादा, अब यह मायने रखता है कि सोशल मीडिया पर आप कैसे दिखते हैं। लेकिन इस आभासी दुनिया की चमक-धमक के पीछे छिपे खतरों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज के युवाओं को यह समझाने की जरूरत है कि असल जीवन का कोई विकल्प नहीं होता। अगर वे अपनी असल पहचान और अस्तित्व को न खोकर, इस आभासी दुनिया में जीने की कोशिश करेंगे, तो यह उन्हें और भी बड़ी मुसीबतों में डाल सकता है।

# मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



संजय गोस्वामी



डॉ कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे। एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानी ैस्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, क्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए "व्हाट कैन आई गिव' पहल की शुरुआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) 'एम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ़ द इयर अवार्ड' के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म 'आई ऍम कलाम' उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए।




**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे। आज समाज में आपका उचित सम्मान बना रहेगा। आज किसी के साथ भी व्यर्थ के वाद विवाद में नही पड़ेगे। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सोल्यूशन मिल जायेगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है।

**मिथुन राशि** : आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परार्मश ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। नौकरी में कार्यभार संबंधित कुछ दिक्कतें आएंगी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप स्वयं में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। दांपत्य जीवन में सुख शांति बनी रहेगी। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद आपके मनोबल को बनाकर रखेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज बिजनेस में किसी खास काम में और अनुभव लेने की जरूरत है। आज ऑफिशियल मामलों में चापलूस प्रवृत्ति के लोगों से सावधान रहें।

**कन्या राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज आपकी मेहनत और सूझबूझ से आपकी उम्मीदें और आशाएं पूरी होगी। मनपसंद कामों में दिलचस्पी रहेगी। आज आपको आनंद महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों में भी योगदान रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज कोई लक्ष्य हासिल करने में किसी अनुभवी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। किसी समस्या का समाधान मिलने में किसी प्रिय मित्र का विशेष सहयोग रहेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे। आज बेवजह की नोकझोंक और वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। अपनी व्यवसायिक पार्टियों के साथ संपर्क में रहें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है।

**मीन राशिः** आज का दिन स्टूडेंट के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

# झारखंड चुनावः इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर सस्पेंस



Rajesh Mohan Sahay

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का मामला उलझता नजर आ रहा है। इस बार माले (माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी) भी गठबंधन में शामिल है, जिसके चलते सीटों का बंटवारा और भी जटिल हो गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अपनी सीटों में कोई कटौती करने को तैयार नहीं है, जबकि वह चाहता है कि कांग्रेस और राजद अपनी कोटे से माले को सीटें दें।

2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने 43, कांग्रेस ने 31, और राजद ने 7 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार कांग्रेस 33 और राजद 22 सीटों की मांग कर रहा है, जबकि झामुमो अपनी सीटों की संख्या बढ़ाकर 45 करने पर अड़ा है। झामुमो की यह मांग है कि माले को कांग्रेस और राजद अपनी निर्धारित सीटों से कटौती कर दें।

माले, जो हाल ही में मासस के साथ विलीन हुआ है, अब चार सीटों—बगोदर, राजधनवार, निरसा, और सिंदरी—की मांग कर रहा है। ये सीटें माले के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं क्योंकि इन क्षेत्रों में माले का आधार मजबूत है। निरसा और सिंदरी में पहले मासस के उम्मीदवार चुनाव जीतते रहे हैं।

झामुमो के दबाव के चलते कांग्रेस और राजद को सीटों में कटौती करने की मजबूरी का सामना करना पड़ सकता है। जबकि राजद 22 सीटों की मांग कर रहा है, झामुमो केवल 5 सीटें देने को तैयार है। संभावित सीटें पलामू की हुसैनाबाद, विश्रामपुर, छतरपुर, चतरा, देवघर, और गोड्डा में जा सकती हैं। हालाँकि, राजद की उम्मीदें इससे ज्यादा हैं, और अगर उसे इच्छित संख्या नहीं मिली, तो वह अपने हक के लिए संघर्ष करने को तैयार है। राजद के नेताओं ने अपनी चिंताएं पार्टी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव के सामने रखी हैं।

दूसरी ओर, कांग्रेस भी पूर्व की तरह 31 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और वह भी अपनी सीटें कम करने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस का तर्क है कि अगर उसे अधिक सीटें नहीं मिलतीं, तो पहले से तय सीटों में कमी नहीं होने दी जाएगी।

इस सिचुएशन में यह देखना दिलचस्प होगा कि झामुमो कांग्रेस के दबाव में आता है या नहीं, खासकर हरियाणा में कांग्रेस की हालिया हार के बाद, जो कि उसकी स्थिति को कमजोर कर सकती है। संभावित सीटों की अदलाबदली पर भी चर्चा हो रही है, जहाँ दोनों दलों में सहमति बनी है कि जो दल जहां मजबूत होगा, वहां से चुनाव लड़ेगा। मांडू, खूंटी, पोड़ेयाहाट, और भवनाथपुर जैसी कई सीटें इस अदलाबदली की सूची में शामिल हो सकती हैं।

इस समय झारखंड की राजनीति में बदलाव का दौर चल रहा है, और सीटों की अदलाबदली की प्रक्रिया ने समीकरणों को और अधिक जटिल बना दिया है। अब देखना होगा कि इस उथल-पुथल में किस दल को कितनी सीटें मिलती हैं और गठबंधन का स्वरूप क्या रहता है।

## सूडोकु नवताल- 7219

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7218 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रितपंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**✽; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**

**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।

**फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com**

✽समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



# सस्ती होगी सब्जी, नीतीश सरकार ने निकाली स्कीम, 38 जिलों को मिलेगा फायदा

**पटना, एजेंसी।** राज्य में सब्जियों के सुरक्षित भंडारण के लिए पब्लिक पार्टनरशिप मोड में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण होगा। इसके लिए सहकारिता विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार, पहले चरण में 50 प्रखंड मुख्यालयों में एक-एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराया जाएगा।

इसके लिए भूखंड चिह्नित करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक कोल्ड स्टोरेज पर 1.17 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही विभाग द्वारा बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना को सभी 38 जिलों में कार्यान्वित करने के लिए निर्देश दिया गया है।

सहकारिता विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, बिहार में अब सब्जियों की खेती और बिक्री में तालमेल बिठाने के लिए हर जिले में सब्जी उत्पादन समूह बनाए जा रहे हैं। ये समूह उन जगहों के पास होंगे, जहां बहुत सारे लोग रहते हैं। यूं कहें कि जहां लोग सब्जियां ज्यादा खाते हैं, उन्हीं के आस-पास उगाने का इंतजाम किया जाएगा।



पहले चरण में 300 प्रखंडों में ऐसे समूह बनाने की तैयारी है। इसका उद्देश्य यह है कि किसानों को उनकी फसल का अच्छा दाम मिले और लोगों को भी सस्ती सब्जियां मिले। इसके लिए चुने हुए प्रखंडों में सब्जी मंडी और सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए गोदाम बनाए जाएंगे।

सब्जी उत्पादक किसानों को ज्यादा उपज होने पर भी सही दाम मिले और उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत पर सब्जियां उपलब्ध हो, इसके लिए चयनित प्रखंडों में सब्जी मार्केट, सब्जियों के सुरक्षित रखने हेतु भंडारण की व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही, सब्जी उगाने वाले किसानों, थोक विक्रेताओं और खुदरा दुकानदारों के बीच बेहतर तालमेल बनाने के लिए विभाग के अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। किसानों और थोक व्यापारियों के बीच अनुबंध भी करवाया जाएगा, ताकि सब्जियों के दामों को नियंत्रित किया जा सके।

हर खेत तक सिंचाई का पानी के अंतर्गत पहले 29952 योजनाओं का चयन हुआ था। अब उनमें से 774 योजनाओं पर काम नहीं होगा, क्योंकि उन योजनाओं के दायरे वाले परिक्षेत्र में सिंचाई के लिए दूसरे विकल्प अधिक उपयोगी हैं। इस तरह अब 29178 योजनाओं पर ही काम आगे बढ़ेगा।

सरकार के सात निश्चय के अंतर्गत इस महत्वाकांक्षी योजना को अगले वर्ष मार्च तक पूरा कर देने का लक्ष्य है। रद होने वाली अधिसंख्य परियोजनाएं लघु सिंचाई की श्रेणी वाली हैं। जैसे कि आहर-पईन आदि।

## बिहार को एक और वंदे भारत, सहरसा से सियालदह तक दौड़ेगी सुपरफास्ट ट्रेन



**सहरसा।** बिहार को जल्द एक और वंदे भारत की सौगात मिलने वाली है। सहरसा- सियालदह अप डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द चलेगी। ट्रेन का परिचालन मानसी, खगड़िया, झाझा के रास्ते होगा। नई ट्रेन चलाने को लेकर पूर्व मध्य रेल ने तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व मध्य रेल के सीपीटीएम ने समस्तीपुर और दानापुर मंडल के सीनियर डीओएम को पत्र लिखकर ट्रेन मैनेजर (गार्ड) को रूट का लर्निंग व तकनीकी प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया है।

इसके अलावा लोको पायलट (चालक) और असिस्टेंट लोको पायलट को भी नए रूट को देखने के लिए प्रशिक्षण देने के लिए कहा गया है। सूत्रों की माने तो ट्रेन परिचालन होने पर समस्तीपुर मंडल के ट्रेन मैनेजर झाझा तक जाएंगे। झाझा से दानापुर मंडल के ट्रेन मैनेजर ट्रेन को लेकर आगे जाएंगे। सहरसा-सियालदह वंदे भारत एक्सप्रेस सहरसा से चलने वाली पहली ट्रेन होगी। हालांकि, सहरसा से सियालदह जाने वाली यह दूसरी ट्रेन होगी। अभी सहरसा से सियालदह हाटे बाजारे एक्सप्रेस चलती है। वहीं वंदे भारत का रूट हाटे बाजारे से अलग खगड़िया, झाझा होकर होगा। इस ट्रेन के चलने से सहरसा सहित सुपौल और मधेपुरा के लोगों को सियालदह जाने के लिए नया रूट मिल जाएगा। इस ट्रेन से श्रद्धालु देवघर भी आ जा सकेंगे। जब वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन होगा तो 110 किमी प्रति घंटे की गति से सहरसा-मानसी रूट पर चलेगी। इससे पहले हाल ही में बिहार को चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात मिली थी। जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### 709 लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गई

**भागलपुर।** पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में स्थित सभी थानों में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 709 लोगों के विरुद्ध भारती नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 126 के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें पीरपैंती थाना में 313 लोग, इशीपुर थाना में 116 लोग, बाखरपुर थाना में 180 लोग तथा एकचारी थाना में 100 लोग भी शामिल हैं। जिनके विरुद्ध कार्रवाई की गई है डोभी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पुलिस ने वारंटी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंभरिया गांव से विक्रम पासवान, दीपक पासवान, उमेश पासवान एक मामले के वारंटी थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर, एक अन्य मामले में जोलहबिगहा गांव के पर्वतीया देवी को भी पकड़ा गया। मोहनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोड़ के समीप से पुलिस ने 52 लीटर बीयर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि फतेहपुर आरगा गांव के शंकर कुमार, परवडीह गांव के विक्रम कुमार, टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव के रोशन कुमार को बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

### दो सड़क हादसों में 1 की मौत, 7 घायल : भागलपुर में ऑटो बाइक की टक्कर

**भागलपुर।** भागलपुर में दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटनाओं में सात जख्मी हुए और एक की मौत हुई है। पहली घटना शाहकुंड थाना क्षेत्र के किरणपुर मोड़ के समीप की है। जहां बाइक और ऑटो की टक्कर में 7 लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में ऑटो सवार लक्ष्मीपुर गांव निवासी गुलशन सागर, सुदर्शन कुमार, श्वेता कुमारी, लता कुमारी, प्रीति कुमारी व रोहित यादव और बाइक सवार लोगांय गांव निवासी शिव कुमार शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल में डॉ. ज्योति भारती ने किया। गुलशन सागर अपने भाई बहन और बहनोई के साथ ऑटो से मेला देख कर वापस लौट रहे थे। शिवकुमार बाइक से शाहकुण्ड की तरफ जा रहे थे। तभी किरणपुर मोड़ के पास बाइक-ऑटो की टक्कर हो गई। मौके से एंबुलेंस ने सभी जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी तरफ भागलपुर- अमरपुर मुख्य मार्ग में कुल्हड़िया रोड के समीप एक महिला को तेज रफ़्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने उठाकर रेफरल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना रतनगंज बाजार स्थित सैदा पोखर के समीप की है।

### स्नान के दौरान बूढ़ी गंडक में डूबा छात्र, एसडीआरएफ ने शव को निकाला

**बेगूसराय।** बेगूसराय में स्नान करने के दौरान बूढ़ी गंडक नदी में एक छात्र डूब गया। एसडीआरएफ व गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हैवतपुर गांव निवासी मनोज कुमार सिंह के बेटे भुवन कुमार (14) का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि हैवतपुर निवासी मनोज कुमार सिंह का बेटा भुवन कुमार सातवीं कक्षा का छात्र था। शुक्रवार को भुवन अपने दो दोस्तों के साथ बूढ़ी गंडक नदी के कोरिया घाट के समीप स्नान करने गया था। स्नान करने के दौरान तीनों नदी के गहरे पानी में चला गया। दो दोस्त किसी तरह बाहर निकल गए। इसकी जानकारी भुवन के परिजनों को दी गई। भुवन के डूबने की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी गई। प्रशासन की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ व गोताखोरों ने करीब 3 घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद गंडक नदी से भुवन का शव बरामद किया गया।

### मधुमक्खी पालन में किसानों को 75 प्रतिशत तक अनुदान :हर लाभार्थी को मिलेंगे 20 से 50 बॉक्स और छत्ते

**नालंदा।** राज्य सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि शहद उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। नालंदा उद्योग विभाग के सहायक निदेशक राशेक कुमार ने बताया कि मधुमक्खी पालन बेहद ही फायदे वाला रोजगार है। प्रशिक्षण ले चुके किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग के किसानों को 75 प्रतिशत और अनुसूचित वर्ग के किसानों को 90 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा।

### दीप जलाने के लिये युवतियों और महिलाओं में मची होड़

**भागलपुर।** शारदीय नवरात्र जैसे -जैसे परवान चढ़ रही है। विभिन्न दुर्गा मंदिरों में संध्या के समय युवतियों और महिला श्रद्धालुओं में दीप जलाने की होड़ मची हुई है। नवगछिया के तेतरी, सैदपुर, रंगरा, तिनटंगा करारी, बिंद टोली, बुद्धूचक, सुकटिया बाजार, गोपालपुर, डिमाहा व बोचाही, खरीक सहित दर्जनों गांवों से निजी वाहनों व पैदल कलश स्थापन की संध्या से ही दीप जलाने हेतु बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पुलिस के जवानों के साथ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगे हैं। स्वामी आगमानंद महाराज के कृपा पात्र पंडित प्रेम शंकर भारती के संगीतमय भागवत कथा से मंदिर परिसर गुंजमान हो रहा है।

## पटना में मां काली के लालू यादव ने किए दर्शन

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने शुक्रवार को नवरात्रि के अवसर पर पटना के दानापुर मछुआटोली स्थित श्री 108 काली पूजा समिति द्वारा स्थापित भव्य मां काली की प्रतिमा के दर्शन किए। इस दौरान उनके साथ बेटी मीसा भारती भी अपने बच्चों के साथ पहुंची थीं। दुर्गानवमी के मौके पर लालू प्रसाद ने दस सर्कुलर रोड स्थित आवास से दानापुर इलाके में बने कई पूजा पंडालों और सजावट को देखा। पूजा समिति के अध्यक्ष केडी यादव ने बताया कि लालू प्रसाद और मीसा भारती करीब आधा घंटे तक वहां रुके और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान बिहार के लोगों के लिए मंगल कामना की। इससे पहले गणेश चतुर्थी पर भी लालू यादव बप्पा के पंडाल पहुंचे थे, और पूजा-अर्चना की थी। दुर्गा पूजा को लेकर पटना के मंदिरों में आकर्षक सजावट की गयी। श्रीबड़ी देवीजी मारुफगंज, दलहट्टा, महाराजगंज, सिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी, छोटी पटनदेवी, शीतला माता मंदिर, सर्वमंगला देवी मंदिर, पीताम्बरा मंदिर, कमला देवी कचौड़ी गली, टेढ़ीघाट, नुरुद्दीनगंज, पूर्वी नंदगोला, जलकद्दरबाग, चैलीटाल, मंसाराम का अखाड़ा, नयागांव, बालकिशुनगंज, टेकारी रोड, मोर्चा रोड, महेन्द्रू, रानीपुर समेत विभिन्न पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सतरंगी बल्वों से जगमग सड़कों पर माता के भजन गूंजते रहे। लोग टोलियों में निकल कर प्रतिमाओं व सजावट के संग मेले का लुत्फ उठा रहे हैं। यह सिलसिला पूरी रात जारी चला।

## देवर-भौजाई कर रहे थे शराब की तस्करी, अचानक पहुंच गई पुलिस

**शिवहर/सोनबरसा पटना, एजेंसी।** अधीक्षक उत्पाद रणधीर कुमार सिंह के निर्देश पर विभाग की टीम ने पिपराही थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में छापेमारी कर शराब की बड़ी खेप बरामद की है। वहीं, मौके से महिला शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान महिला का देवर फरार होने में कामयाब रहा।

हालांकि, उत्पाद टीम ने मौके से एक कार और एक बाइक जब्त की। जांच में शराब की कुल 285 बोतल जब्त किया गया। बताया गया है कि पकड़ी गांव निवासी ललिता देवी व उसके देवर द्वारा शराब की तस्करी की मिली गुप्त सूचना पर उत्पाद अधीक्षक रणधीर कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर हीरालाल राम के नेतृत्व में टीम गठित की।

दस टीम में उत्पाद अवर निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, सुदामा कुमार, निकिता कुमारी व गृहरक्षक जवानों को शामिल किया गया। इस टीम ने पकड़ी गांव पहुंचकर ललिता देवी के घर की घेराबंदी की। वहीं घर की जांच की।



इस दौरान नेपाली शराब की कुल 285 बोतलें जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान महिला का देवर फरार हो गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में महिला व उसके देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कन्हौली पुलिस ने प्रतिमा विसर्जन के दौरान स्कूटी पर सवार दो लोगों को भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान सीतामढ़ी नगर थाना क्षेत्र के जानकी स्थान रीगा रोड नया टोला, वार्ड नंबर 2 निवासी राहुल पाल, पिता रामचंद्र पाल तथा रीगा थाना क्षेत्र के रीगा रोड चंडीहा वार्ड नंबर 2 निवासी नीरज कुमार पिता बिकाऊ दास के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष सेंटु कुमार व जवान प्रतिमा विसर्जन के दौरान मुरहाडीह मदरसा के पास मौजूद थे, उसी समय भीड़ की आड़ में स्कूटी सवार जल्दबाजी में निकलना चाह रहा था। शक होने पर थानाध्यक्ष ने रोककर तलाशी ली, जहां धंधेबाज के पास से 165 बोतल नेपाली सौंफी शराब बरामद हुई। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

भारत-नेपाल सीमा स्थित सोनबरसा बाजार चेक पोस्ट के एसएसबी 51वीं वाहिनी ए के जवानों ने चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार को नेपाली सौंफी और अंग्रेजी शराब के साथ धर दबोचा। पकड़े गए धंधेबाज की पहचान डुमरा थाना क्षेत्र के बरहरवा वार्ड 17 निवासी बहादुर पासवान के करीब 20 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार पासवान के रूप में की गई है।

एसएसबी ने उक्त धंधेबाज के पास से तीन सौ एमएल का 32 बोतल नेपाली सौंफी शराब और 375 एमएल का चार बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ ही उसकी टीवीएस बाइक नम्बर बी आर 30 एस 7820 को भी जब्त कर उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। मद्य निषेध के सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने शराब,बाइक को कब्जे में लेते हुए धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।

## पटना के संपतचक में बिहार का सबसे ऊंचा पूजा पंडाल

**पटना, एजेंसी।** पटना के संपतचक बाजार में बिहार का सबसे ऊचा पूजा पंडाल बना है। पंडाल की ऊंचाई 151 और चौड़ाई 80 फीट है। इसे पूरे डेढ़ महीने में जामताड़ा झारखंड के 15 कारीगरों ने बनाया है। पंडाल की भव्यता और सुंदरता लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। आसपास के अलावा पास के सटे अनुमंडल और जिलों से भी लोग इस पंडाल को देखने आ रहे हैं। पूरे पंडाल को एशिया के बड़े मंदिरों में से एक बेगूसराय के बिहट में स्थित सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है। दावा किया जाता है कि इससे ऊंचा मंदिर माता का पूरे एशिया में नहीं है। नवरात्र के समय में यहां भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है।

पंडाल बनाने वाले सभी कारीगर मुस्लिम समाज से हैं। निर्माण कार्य के दौरान अंडा, मीट, मछली का सेवन नहीं करते हैं। पूरे सात्विकता के साथ पंडाल बनाते हैं। कारीगर मुजफ्फर अंसारी ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से सिर्फ पंडाल बनाने का काम करते आ रहे हैं। इस दौरान शाकाहारी भोजन करते हैं।

शाहबुद्दीन अंसारी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों से पंडाल बनाते आ रहे हैं। सात्विकता का पूरा ख्याल रखते हैं। इसी



तरह से मोबारक ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को निभाते आ रहे हैं। मुख्य आयोजक सदस्यों में शामिल मुकेश कुमार ने बताया कि जब यहां कुछ नहीं था। सिर्फ गांव हुआ करता था। तब से हमारे पूर्वज यहां पंडाल बनाकर मां की प्रतिमा स्थापित करके पूजा करते आ रहे हैं। वर्ष 1971 से यह परंपरा चली आ रही है। 40 से 50 गांव के लोग यहां पहुंचते हैं।

कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने बताया कि पंडाल बनाने की लागत 30 से 35 लाख रुपए तक है। उंचाई लगभग 151 फीट है। जो पूरे बिहार का सबसे ऊंचा पंडाल है। पिछले वर्ष अक्षर धाम मंदिर के तर्ज पर पंडाल बना था।

## डेंगू का टीका : पटना में शुरू हुआ वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल का तीसरा चरण

**पटना।** बिहार और देश के दूसरे हिस्सों में डेंगू से बीमार पड़ रहे लोगों को इस बीमारी के खौफ से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाने वाला टीका बनाने का काम तेजी से चल रहा है। पटना में डेंगू वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल का तीसरा चरण शुरू हो गया है। अब तक छह लोगों को डेंगू वैक्सीन का टीका लग चुका है। बिहार में लगभग 500 लोगों को यह परीक्षण टीका लगेगा। वैज्ञानिकों की टीम टीका लेने वालों की दो साल निगरानी करेगी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद का पटना स्थित राजेंद्र स्मारक चिकित्सा विज्ञान अनुसंधान संस्थान क्लिनिकल ट्रायल संचालित कर रहा है। बिहार में रोज डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। इस साल 4416 मरीज अस्पताल पहुंचे हैं और 12 लोगों की मौत हुई है। अकेले पटना में 2184 मरीज मिले हैं।



आरएमआरआईएमएस के एक अधिकारी ने बताया कि पूरी तरह देश में बन रहे वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रायल 26 सितंबर को चालू हो गया है। इसके तहत अब तक छह लोगों को वैक्सीन डोज दिया गया है। आईसीएमआर टीका लेने वालों की दो साल तक निगरानी करेगी। वैक्सीन बनाने में आईसीएमआर और पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड मिलकर काम कर रही है। टीका परीक्षण के लिए 10 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी और उनके स्वास्थ्य पर नजर रखी जाएगी। डेंगू टीका के परीक्षण के लिए देश भर में 19 केंद्र चुने गए हैं। आरएमआरआईएमएस उनमें से एक केंद्र है। इस लिहाज से हर केंद्र को लगभग 500 लोगों को ट्रायल का टीका लगाना है।

## नंबर 225 की सियासी जंग का आगाज, नीतीश कुमार ने तैयार किया मास्टर प्लान



**पटना, एजेंसी।** मिशन 2025 यानी अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को केंद्र में रख जदयू अब विधानसभा सम्मेलन का आयोजन करेगा। यह आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा। तय योजना के अनुसार यह कार्यक्रम दिसंबर तक पूरा कर लेना है। हफ्ते भर के भीतर इस सम्मेलन की तारीख तय कर दी जाएगी कि कौन से विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा सम्मेलन कब होगा। विधानसभा सम्मेलन के साथ-साथ जिला सम्मेलन कराने की योजना भी बन रही है।

जदयू के संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि एक साथ कई विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा सम्मेलन का आयोजन होना है। इसलिए योजना यह बन रही है कि संसदीय क्षेत्र के हिसाब से इसकी योजना बने। विधानसभा सम्मेलन को दौरान ही जिला सम्मेलन की तारीख भी तय हो जाएगी।

जदयू के वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि मिशन 2025 को केंद्र में रख होने वाले विधानसभा सम्मेलन की थीम है नंबर 225। आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए का लक्ष्य 225 सीटों का है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में सम्मेलन का आयोजन कर यह बात पार्टी से जुड़े लोगों को बतायी जाएगी कि हमें 225 के नंबर का ध्यान रखना है।

जदयू के विधानसभा सम्मेलन में जदयू के पदाधिकारी, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी, विधायक व संभावित प्रत्याशियों के साथ पार्टी से जुड़े लोगों की मौजूदगी रहेगी। मुख्यालय से गए पदाधिकारी का भी विधानसभा सम्मेलन में होगा संबोधन।

जदयू से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार विधानसभा सम्मेलन को केंद्र में पार्टी सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग डाटा शीट तैयार करा रही। उक्त डाटा शीट में इस बात का जिक्र रहेगा कि नीतीश कुमार की सरकार ने उक्त विधानसभा क्षेत्र में विकास से जुड़ी योजनाओं पर कितनी राशि खर्च की। अलग-अलग योजनाओं में कितनी राशि उक्त जिले में आयी यह भी बताया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का ब्योरा भी जुटाया जा रहा।

विधानसभा सम्मेलन के दौरान यह तय हो जाएगा कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में किस मोड में आगे बढ़ना है। किन मुद्दों के साथ पार्टी वोटरों के पास जाएगी यह बात स्पष्ट रूप से बता दी जाएगी। बात पूरी तरह से सकारात्मक हो इसका ख्याल रखा जाएगा। नियमित रूप से लोगों से सरकार के काम-काज पर पार्टी के लोग सक्रिय रहें इस बाबत टास्क तय किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



# हिरासत में मौत: परिजनों से मिले कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सपा ने दो लाख रुपये की मदद राशि दी

**लखनऊ , एजेंसी।**
लखनऊ में पुलिस हिरासत में मारे गए युवक अमन गौतम के परिजनों से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए सरकार से एक करोड़ रुपये मुआवजे, सरकारी नौकरी और मामले की निष्पक्ष जांच करवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज किया जाए।

वहीं, सपा सांसद आरके चौधरी और अनुराग भदौरिया ने भी परिजनों से मुलाकात की और उन्हें मदद की राशि के तौर पर दो लाख रुपये का चेक दिया।

**मौत पर जाम-प्रदर्शन, चार पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या का केसत्न** पुलिस हिरासत में अमन गौतम (24) की मौत के मामले में शनिवार शाम शुरू हुआ जाम-प्रदर्शन देर रात तक चला। समझाने पर भी परिजन व इलाकाई लोग नहीं माने तो देर रात पुलिस ने लाठियां भांजकर सभी को भगाया।

घटना से गुस्साए परिजनों ने मोर्चरी से शव ले जाने से ही मना कर दिया। आनन-फानन पुलिस ने पीआरवी के चार पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या



का केस दर्ज किया। आश्वासन दिया कि सख्त कार्रवाई करेंगे। मांगें शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का भरोसा भी दिया। तब जाकर परिजन रविवार शाम करीब पांच बजे शव पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए।

विकासनगर सेक्टर-8 में शुक्रवार रात जुआ होने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। पार्क के पास मौजूद अमन गौतम व उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। जीप में बैठाने के चंद मिनट बाद ही अमन की हालत बिगड़ गई। बेजान हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

अफसर समझाने का प्रयास करते रहे, पर लोग मानने के लिए तैयार ही नहीं हो रहे थे। इस पर रात करीब दो बजे पुलिस ने लाठियां चला दीं तो सभी भाग गए। रविवार सुबह पुलिस अमन के घर पहुंची और शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही, लेकिन परिजन अपनी बात पर अड़े रहे। इस बीच पुलिस ने पीआरवी पर तैनात सिपाही शैलेंद्र और अन्य तीन अज्ञात पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज इसकी जानकारी दी। कई घंटे चली मान-मनौव्वल के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए

## संक्षिप्त समाचार

### शौक पूरा करने के लिए दूसरे के घरों से करते थे चोरी, एक चूक से इस तरह पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद , एजेंसी।** मुरादाबाद में एक माह पूर्व शिक्षक के घर हुई चोरी के मामले में मझोला पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर और 12 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करते थे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 12 सितंबर की रात मझोला थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी निजी स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार शर्मा के घर से चोर डेढ़ लाख की नकदी, जेवर समेत करीब पांच लाख का माल चोर चुराकर ले गए थे। इससे पहले 12 जून की रात डिडौरा में इसरार हुसैन, कुसुम देवी और लियाकत अली के घर को खंगाला था। दोनों मामलों में केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। रविवार को मामले में थाना प्रभारी मझोला मोहित चौधरी और उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कचोधन नई बस्ती निवासी दानिश, पीर का बाजार टीला करूला निवासी मो. आजम व मैनाठेर के गांव नानकार निवासी मो. आलम शामिल हैं। पुलिस ने तीनों से चोरी किया एक लैपटॉप, एक मोबाइल, 12 हजार रुपये, छह जोड़ी पॉजेब और चाकू बरामद किया। तीनों आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। बताया कि महंगे शौक को पूरा करने के लिए तीनों मिलकर चोरी करते थे। चोरी का सामान बेचकर रुपये बांट लेते थे। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### प्रधान को पीटने के मामले में ब्लॉक प्रमुख के पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के इज्जतनगर क्षेत्र के अहलादपुर गांव के प्रधान सियाराम को पीटने के मामले में रविवार को एडीजी के आदेश पर बिथरी ब्लॉक प्रमुख बृजेश कुमारी के पति हरेंद्र पटेल समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। कुछ दिन पहले इज्जतनगर क्षेत्र के अहलादपुर गांव के प्रधान सियाराम साहू शौचालय की सूची जमा करने ब्लॉक कार्यालय पहुंचे थे। सियाराम के साथ उनके भाई प्यारेलाल, भतीजे सौरभ साहू, अजय और सोनू भी थे। सियाराम के मुताबिक उन्होंने देखा कि ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर हरेंद्र पटेल बैठे थे। उनके साथ पंकज, सौरभ पटेल, सुरेंद्र और मुनीष भी बंदूक लेकर थे। ब्लॉक प्रमुख के बारे में पूछने पर हरेंद्र अभद्रता करने लगे। सियाराम ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख तो बृजेश कुमारी हैं। इस पर हरेंद्र ने उनकी पिटाई कर दी। सुरेंद्र ने बंदूक से इन लोगों पर फायर कर दिया। हरेंद्र ने पुलिस बुलाई और उन लोगों का शांतिभंग में चालान करा दिया।

### रामपुर में केस दर्ज: शादी का झांसा देकर मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म, अश्लील फोटो खींच...वीडियो भी बनाई

**मुरादाबाद , एजेंसी।** रामपुर के एक गांव निवासी मेडिकल छात्रा ने मुरादाबाद जिले के एक गांव निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा, वह उत्तराखंड के एक मेडिकल कॉलेज से बीयूएमएस की पढ़ाई कर रही थी। 2020 में उसके साथ ही पढ़ाई कर रहे मुरादाबाद जिले के कुंदरकी क्षेत्र के कमालपुर फतेहाबाद निवासी छात्र मोहम्मद इकराम ने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील फोटो खींच लिए और वीडियो भी बना ली। इसके बाद आरोपी ने कई बार वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्लैकमेल कर उसके घर से साढ़े पांच लाख रुपये भी मंगा लिए।

## मोबाइल फोन में छिपी हो सकती है प्रगति की मौत की वजह

**कानपुर , एजेंसी।** आईआईटी में फंदा लगा कर जान देने वाली पीएचडी छात्रा प्रगति खरया के मोबाइल फोन में उसकी मौत की वजह छिपी हो सकती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजन किसी पर न तो कोई शक जता रहे हैं और न ही उन्होंने कोई तहरीर दी है। ऐसे में किसी के निजी मोबाइल की चैट या कॉल डिटेल्स की जानकारी जुटाना उचित नहीं है। तहरीर मिलने के बाद मोबाइल का लॉक खुलवाने के लिए उसे फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा।



गुरुवार को प्रगति के शव के पास पुलिस को पांच पन्ने का सुसाइड नोट मिला है। हालांकि उसमें मौत के लिए किसी को दोषी नहीं ठहराया गया। साथ ही मौत की वजह खुद का डिप्रेशन और अकेलापन बताया था। पांच पन्ने वाले सुसाइड नोट के आखिरी पन्ने पर करीबी दोस्त आदिल और समर्थ का भी जिक्र है।

उसके मुताबिक परेशान होने पर समर्थ उसका दुख बांटने में मदद करता था, लेकिन उसे भी काम के चलते दूर होना पड़ा। उसे भी कितनी बार बुलाऊं, वह बहुत दूर रहता है। ये दूरी मुझे बिल्कुल पसंद नहीं है। लिखा कि मेरा दोस्त आदिल मुझे समझता है, उसे भी कितनी बार अपनी टेंशन बताऊं।

## उपचुनाव में अयोध्या की सीट और कटेहरी सीट को लेकर भाजपा का बड़ा फैसला, नए चेहरों पर दांव लगाएगी पार्टी

**लखनऊ , एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में भाजपा कटेहरी, मझवां, फुलपुर और मिल्कीपुर सीट पर पिछड़े नेताओं को ही चुनाव लड़ाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। दिल्ली में रविवार को केंद्रीय नेतृत्व के साथ हुई भाजपा की बैठक में कटेहरी, मिल्कीपुर और मझवां सीट को लेकर सबसे ज्यादा माथापच्ची हुई।

सूत्रों का कहना है कि सुरक्षित सीट होने की वजह से मिल्कीपुर से कोई दलित चेहरा तो उतरेगा ही। साथ ही कटेहरी और मझवां सीट पर भी पिछड़े चेहरे को ही उतारा जाएगा।

दरअसल मिल्कीपुर और कटेहरी सीट जीतना भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा का सवाल है और मुख्यमंत्री योगी ने खुद इन दोनों सीटों



की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ले रखी है। इसलिए भाजपा इन दोनों सीटों पर कोई खतरा मोल नहीं नहीं लेना चाहती है।

बैठक में एक-एक सीट पर जातीय समीकरण और मौजूदा मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदेश के नेताओं ने केन्द्रीय नेतृत्व को अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि पहले चरण के प्रचार, संपर्क और संवाद का कार्यक्रम पूरा हो चुका है।

साथ ही मुख्यमंत्री योगी द्वारा सभी सीटों पर किए गए कार्यक्रमों, विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास के साथ ही अब तक की गई जनसभाओं की जानकारी भी दी गई।

वहीं, केन्द्रीय नेतृत्व को 8-9 सीटें जीतने का भरोसा भी दिया गया है। बैठक में सपा और बसपा द्वारा उतारे गए उम्मीदवारों के लिहाज से रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा हुई। खास कर उन सीटों पर चुनाव जीतने को लेकर अधिक प्रभावी तरीके से काम करने पर सहमति बनी है, जिन पर सपा का कब्जा है। बैठक में नौ सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति बनने के बाद कटेहरी और मझवां सीटों पर दावेदारी करने वाले संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सौंपी गई है।

## बहराइच हिंसा: प्रियंका गांधी की अपील- कानून अपने हाथ में न ले जनता

**बहराइच , एजेंसी।**
बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है।





इस बीच नेताओं ने भी जनता से शांति बनाने की अपील की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर जनता से कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं। सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां पर जिला प्रशासन व सरकार फेल होती है। सभी मामलों में देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए।

## बढ़ेंगी बसपा की मुश्किलें !... भारी पड़ सकता है ये फैसला; हरियाणा हार के बाद नफा-नुकसान का आकलन

**लखनऊ , एजेंसी।**
बहुजन समाज पार्टी का अब किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करने का फैसला मुश्किल का सबब बन सकता है। हरियाणा चुनाव में करारी शिकस्त मिलने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती के इस फैसले ने सियासी जानकारों को भी हैरत में डाल दिया है।

दरअसल, बीते 12 वर्षों में बसपा ने पांच चुनाव बिना किसी दल के साथ गठबंधन किए लड़े, जिनमें उसे बुरी तरह पराजित होना पड़ा। इन हालात में बसपा सुप्रीमो के हालिया फैसले से होने वाले नफा-नुकसान का आकलन शुरू हो गया है। 2012 में प्रदेश में बसपा को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। पार्टी ने विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा, लेकिन



उसके 80 विधायक ही बने। दो वर्ष बाद बसपा ने फिर अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने का फैसला लिया, लेकिन उसका कोई प्रत्याशी सांसद नहीं बन पाया। जबकि 2009 के लोकसभा चुनाव में उसके 20 सांसद बने थे। इसके बाद 2017 का विधानसभा चुनाव बसपा ने फिर से अकेले दम पर ही लड़ने का निर्णय लिया, लेकिन मात्र 19 प्रत्याशी ही विधानसभा पहुंच सके। 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के साथ गठबंधन करके लड़ने का उसका फैसला संजीवनी साबित हुआ और पार्टी के सांसदों की संख्या शून्य से बढ़कर 10 हो गई। हालांकि यह गठबंधन टिक नहीं पाया और बसपा ने सपा के वोट ट्रांसफर नहीं होने का आरोप लगाकर इसे तोड़ दिया। 2022 का विधानसभा चुनाव बसपा के लिए फिर से नुकसान भरा रहा, अकेले चुनाव लड़ने के फैसले की वजह से उसे महज 12.83 फीसद वोट ही मिले और महज एक प्रत्याशी विधानसभा पहुंच पाया।

### प्रेमी जोड़े की शादी के प्रमाणपत्र पर उठे सवाल, हाईकोर्ट ने एसएचओ को दिए सत्यता की जांच करने का आदेश

**प्रयागराज , एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसएचओ कोतवाली प्रयागराज को शादीशुदा बताकर सुरक्षा मांगने आए याची जोड़े की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कहा है कि पता करें कि याची जोड़े की शादी किसने कराई, विवाह प्रमाणपत्र किस संस्था ने दिया, जिस पुरोहित ने शादी कराई उसकी पूरी जानकारी इकट्ठा करें। वहीं, याची जोड़े जांच में सहयोग न करें तो उन्हें अगली सुनवाई पर अदालत में पेश किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की पीठ ने शिवानी केसरवानी व एक अन्य की याचिका पर दिया है। प्रयागराज निवासी शिवानी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उनका कहना था कि वे बालिग हैं। उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की है। विपक्षियों से उन्हें जान को खतरा है। इस पर कोर्ट ने एसएचओ कोतवाली से कथित शादी कराने वाली संस्था आर्य समाज चौक प्रयागराज के अध्यक्ष, सचिव व पुरोहित को 25 सितंबर को पेश करने का आदेश दिया था। आर्य समाज की ओर से अधिवक्ता आरबी मिश्र ने बताया कि कोर्ट में प्रस्तुत किया गया शादी का प्रमाणपत्र उनकी संस्था ने जारी नहीं किया है। वहीं, पुरोहित पंकज शुक्ल ने भी कहा कि उन्होंने याचियों की शादी नहीं कराई है और न ही विवाह प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किया है।

## हाईकोर्ट ने कहा : पति का पत्नी और पत्नी का पति से शारीरिक संबंध बनाने की मांग करना शारीरिक क्रूरता नहीं

**प्रयागराज , एजेंसी।**
इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में सुनवाई करते हुए पति के ऊपर दर्ज कराए गए उत्पीड़न की कार्रवाई को रद्द करने का आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि शारीरिक संबंध बनाने की मांग को लेकर पति-पत्नी के बीच पैदा हुई असहमति को दहेज उत्पीड़न नही माना जा सकता है। अपनी शारीरिक यौन इच्छा को पूर्ण करने की मांग पति-पत्नी एक दूसरे से नहीं करेंगे तो कहां करेंगे। पति द्वारा शारीरिक संबंध बनाने की मांग करना क्रूरता नहीं है।

नोएडा की एक महिला के पति व अन्य के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि दहेज की मांग को लेकर पति मारता पीटता है और यातनाएं देता है। मांग पूरी न करने के कारण उसे मायके भेज दिया गया है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि यह मामला दहेज उत्पीड़न का नहीं बल्कि दोनों के बीच यौन संबंध बनाने को लेकर असहमति का विवाद है। इस मामले को दूसरा रूप देते हुए मनगढ़ंत तरीके से दहेज उत्पीड़न से जोड़



दिया गया है।

मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि पति अपनी पत्नी और पत्नी अपने पति से यौन इच्छा की पूर्ति की मांग नहीं करेगा तो कहां करेगा। इसको शारीरिक क्रूरता या दहेज उत्पीड़न नहीं कहा जा सकता है। अदालत ने कहा कि पत्नी के शरीर पर मारपीट, यातना या उत्पीड़न के कोई निशान नहीं हैं। दहेज की मांग कब की गई और किस चीज की मांग की जा रही है इसका भी जिक्र मुकदमे में नहीं है। कोर्ट ने पति के खिलाफ दर्ज पूरा मामला रद्द कर दिया।

## हरियाणा में उपेक्षा के बाद सपा ने लिया सबक, हाथ और साइकिल होते साथ तो बदल सकती थी तस्वीर

**लखनऊ, एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से मिली उपेक्षा के बावजूद सपा ने सकारात्मक सबक लिया है। एकला चलो की रणनीति से सिर्फ नुकसान ही हाथ लगेगा। इसलिए यूपी के विधानसभा उपचुनाव में इंडियन गठबंधन को बरकरार रखा जाएगा। इसमें कांग्रेस को सीटों के लिहाज से हिस्सेदारी मिल सकती है।

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में शामिल सपा और आम आदमी पार्टी को कोई हिस्सेदारी नहीं दी थी। इस पर सपा ने तो वहां कोई प्रत्याशी नहीं उतारा, जबकि आम आदमी पार्टी ने चुनाव लड़ा।

परिणाम पर नजर डालें तो कांग्रेस को 39.09 प्रतिशत, आम आदमी पार्टी को 1.79 प्रतिशत वोट ही मिला। वहीं, भाजपा 39.94 प्रतिशत वोट लेकर अकेले दम पर बहुमत हासिल करने में



सफल रही। मुकाबला आमने-सामने का होने पर मतों में एक फीसदी का अंतर भी बड़ा मायने रखता है। इंडिया गठबंधन के रणनीतिकारों का मानना है कि अगर कांग्रेस ने अन्य दलों का साथ लेते हुए चुनाव लड़ा होता तो परिणाम की तस्वीर दूसरी ही होती। कांग्रेस 13 सीटें 5 हजार से कम मतों से हारी। सपा की हरियाणा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र भाटी तो यहां तक कहते हैं कि सपा का साथ न लेने से कांग्रेस को 35 सीटों पर नुकसान हुआ। भले ही भाटी का दावा थोड़ा बड़ा लग रहा हो, लेकिन इंडिया गठबंधन के सूत्र भी मानते हैं कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव हरियाणा में प्रचार करने गए होते तो यादव मतदाता एकतरफा तौर पर भाजपा के साथ न गए होते।

इससे यादव मतदाताओं के प्रभाव वाले 7 जिलों की 10-12 सीटों पर कांग्रेस को इसका फायदा मिला होता। हरियाणा के परिणाम आने के बाद अखिलेश यादव कह चुके हैं कि इंडिया गठबंधन बरकरार रहेगा और इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी समाजवादी उठाएंगे।

इससे संकेत मिल रहे हैं कि उपचुनाव में कांग्रेस को 1-2 सीटें मिल सकती हैं। यहां बता दें कि यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इनमें से छह सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। शेष चार सीटों में कांग्रेस को हिस्सेदारी मिलने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा का मैसेज- एक केस में इंडियन एंबेसडर संदिग्ध

**नई दिल्ली।** कनाडा सरकार ने रविवार को भारत को मैसेज भेजा कि इंडियन एंबेसडर संजय कुमार वर्मा और कुछ राजनयिक एक मामले की जांच में संदिग्ध हैं। अभी यह साफ नहीं है कि वे किस मामले में संदिग्ध हैं, लेकिन इसे निज्जर की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार इन बेतुके आरोपों को सिरे से खारिज करती है और इनके पीछे ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को वजह मानती है, जो कि वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर 2023 में कुछ आरोप लगाए थे। हालांकि, कनाडा सरकार ने कई बार कहने के बावजूद भारत सरकार के साथ एक भी सबूत साझा नहीं किया है। यह नया आरोप भी ऐसे ही लगाया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ट्रूडो सरकार लंबे समय से ऐसा करती आ रही है। उनकी कैबिनेट में ऐसे व्यक्ति शामिल हैं जो भारत के खिलाफ चरमपंथी और अलगाववादी एजेंडे से जुड़े हुए हैं। PM ट्रूडो ने निज्जर की हत्या का भारत पर लगाया था आरोप 18 जून 2023 की शाम को कनाडा के सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने पिछले साल 18 सितंबर को भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।



### पूर्व ब्रिटिश PM जॉनसन की किताब में मोदी की तारीफ

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व PM बोरिस जॉनसन ने अपने जीवन की घटनाओं पर एक किताब लिखी है। इस किताब का नाम 'अनलीश्ड' है। इस संस्मरण में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि मोदी ऐसे चेंज मेकर नेता हैं, जिसकी हमें जरूरत है। जॉनसन ने किताब में एक चैप्टर भारत के लिए लिखा है। इस चैप्टर का नाम 'ब्रिटेन एंड इंडिया' है। इसमें उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों के बारे में बताया है। उनकी यह किताब 10 अक्टूबर को पब्लिश हो चुकी है। अब यह ब्रिटेन के बुकस्टोर्स और ऑनलाइन मिल रही है। जॉनसन ने ये भी बताया है कि भारत के पूर्व PM जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ II से कहा था कि भारत हमेशा रूस के साथ रहेगा। मोदी से पहली मुलाकात एनर्जेटिक रही न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, जॉनसन ने लिखा है कि जब वे पहली बार मोदी से मिले तो उन्हें एक अनोखी एनर्जी महसूस हुई। उन्होंने लिखा कि वे नवंबर 2015 में जब लंदन के मेयर थे तब मोदी से पहली बार मिले थे।



### कोरोना वैक्सीन के साइड-इफेक्ट के आरोप वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कोरोना वैक्सीन के कारण ब्लड क्लोटिंग जैसे साइड-इफेक्ट का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। चीफ जस्टिस (CJI) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी। बेंच ने कहा, 'क्लास एक्शन सूट दायर करें! इसका क्या फायदा है? कृपया यह भी समझें कि अगर आपने वैक्सीन नहीं ली तो क्या साइड-इफेक्ट होंगे। हम इस मुद्दे को उठाना नहीं चाहते, यह सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए है।' यह याचिका प्रिया मिश्रा और अन्य याचिकाकर्ताओं ने दायर की थी। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल में कोर्ट में माना था कि उनकी कोविड-19 वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि, ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई है। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना है कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।




### कोलकाता रेप मर्डर केस, एक और डॉक्टर क्रिटिकल, अब तक 4 अस्पताल में

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में 5 अक्टूबर से अनशन पर बैठे ट्रेनी डॉक्टरों में से एक और डॉक्टर की रविवार रात को हालत गंभीर हो गई है। प्रोटेस्ट कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि ट्रेनी डॉक्टर पुलस्थ आचार्य को गंभीर हालत में NRS हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। उन्हें तेज पेट दर्द की शिकायत थी। उनके इलाज के लिए हॉस्पिटल में अलग मेडिकल बोर्ड बनाया गया है। अनशन पर बैठे 10 डॉक्टरों में से 4 गंभीर हालात में अस्पताल में भर्ती हैं। पुलस्थ से पहले 12 अक्टूबर को डॉ. अनुस्तुप मुखर्जी और डॉ. आलोक वर्मा की हालत बिगड़ी थी। वहीं, 10 अक्टूबर को डॉ. अनिकेत महतो को RG कर अस्पताल के CCU में भर्ती कराया गया था। बंगाल के चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने आज जूनियर डॉक्टरों के डेलिगेशन को मिलने बुलाया है। हालांकि, डॉक्टर्स जाएंगे या नहीं, इस पर उन्होंने अभी फैसला नहीं लिया है। उधर, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) ने आज से देशभर में दो दिन हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरा सिर्फ इमरजेंसी सर्विस चालू रहेंगीं। वहीं, IMA ने कहा कि कल देशभर में डॉक्टर्स सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक अनशन करेंगे। दरअसल, आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। इसे लेकर डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। मांगें नहीं माने जाने पर डॉक्टरों ने भूख हड़ताल शुरू की, जिसका आज 9वां दिन है।



### दुर्गा विसर्जन का रूट बदलने पर भड़के लोग, लाठीचार्ज

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस ने विवादित रास्ते को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया था, लेकिन ग्रामीण प्रतिमा को उसी रास्ते से ले जाने के लिए अड़े थे। ग्रामीण बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच पुलिस-ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस को भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें DSP रंका रोहित रंजन सिंह सिर में चोट लगने की वजह से घायल हो गए। एसपी (अभियान) राहुल देव बड़ाइक को भी चोट आई है। ग्रामीणों ने पुलिस के कई वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया है। उनका आरोप था कि पुलिस ने ग्रामीणों पर फायरिंग की। घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इलाके में पुलिस बल तैनात है। भारी संख्या में ग्रामीण दुर्गा पूजा पंडाल में जमा थे। इधर, गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने का प्रयास किया। वहीं मौके पर पहुंचे कमिश्नर ने विवाद को सुलझाते हुए पहले से निर्धारित रूट से ही रात 10 बजे मूर्ति विसर्जन करवाई। इस दौरान विधायक आलोक चौरसिया भी शोभा यात्रा में मौजूद रहे।

# हिजबुल्लाह का इजराइली मिलिट्री बेस पर ड्रोन अटैक

एजेंसी, तेल अवीव।



**4 सैनिकों की मौत, इजराइल में अमेरिका THAAD डिफेंस सिस्टम तैनात करेगा**

हिजबुल्लाह ने रविवार रात इजराइल के हाइफा इलाके में गोलानी मिलिट्री बेस पर हमला किया। इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) के मुताबिक इस हमले में 4 सैनिकों की मौत हो गई और कम से कम 58 सैनिक घायल हुए हैं। इनमें 7 गंभीर रूप से घायल हैं। यह हमला राजधानी तेल अवीव से 40 मील दूर बिनयामिना टाउन में हुआ है। इजराइली मिलिट्री के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि कोई भी ड्रोन बिना किसी वॉर्निंग के इजराइली हवाई सीमा के अंदर कैसे आ सकता है, इसकी जांच हो रही है। हमें बेहतर सुरक्षा करनी चाहिए थी। संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि IDF के ट्रेनिंग बेस पर ड्रोन्स की बरसात कर दी। उन्होंने उन जगहों पर विस्फोट किया जहां पर इजराइली सैनिक मौजूद थे। वे लेबनान पर हमले की तैयारी के लिए योजना बना रहे थे। उधर, इजराइल ने सोमवार सुबह सेंट्रल गाजा के स्कूल में एयर स्ट्राइक की है। इस हमले में 22 लोगों की मौत हुई है। वहीं, करीब 80 घायल हुए हैं। गाजा में पिछले 1 साल से जारी इजराइली हमलों में 42 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। कमला हैरिस बोलीं- गाजा में मदद पहुंचाए इजराइल अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने रविवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि इजराइल को गाजा में खाने के ट्रक भेजने के लिए तुरंत काम करना चाहिए। लोगों तक खाना, पानी और दवा का पहुंचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान किया जाना चाहिए। गाजा में पिछले 2 सप्ताह से खाने का संकट पैदा हो गया है। यूएन की वर्ल्ड फूड प्रोग्राम ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में मिलने वाली खाद्य मदद को इजराइल ने रोक रखा है। अगस्त में 700 खाने के ट्रक गाजा भेजे गए थे। सितंबर में यह संख्या घटकर 400 हो गई थी। इस महीने अब तक एक भी ट्रक गाजा में दाखिल नहीं हुआ है। यूएन ने कहा कि इससे गाजा में भुखमरी का संकट पैदा हो गया है।

## पाकिस्तान में ग्वादर एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे चीनी PM

एजेंसी, इस्लामाबाद।



चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग इसी हफ्ते अपनी पाकिस्तान के दौरान ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अयातुल्ला तरार ने रविवार को ये जानकारी दी। क्यांग 15-16 अक्टूबर को शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (SCO) समिट में शामिल होने के लिए सोमवार को पाकिस्तान पहुंच रहे हैं। ग्वादर एयरपोर्ट बलूचिस्तान प्रांत में बना है। यह चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का हिस्सा है। चीन ने इसकी फंडिंग की है। इसका उद्घाटन इसी साल 14 अगस्त को होने वाला था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीनी अधिकारियों के साथ इसे शुरू करने वाले थे। लेकिन तब बलूच आन्दोलन की वजह से इस योजना को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा ग्वादर चीन और पाकिस्तान के बीच 2015 में ग्वादर एयरपोर्ट को लेकर डील हुई थी। साल 2019 इस पर काम शुरू हुआ। चीन इस एयरपोर्ट को बनाने के लिए 246 मिलियन डॉलर (लगभग 2000 करोड़ भारतीय रुपए) खर्च कर चुका है। ग्वादर एयरपोर्ट करीब 4 हजार एकड़ में फैला है। इस पर केवल एक रनवे होगा। इसका इस्तेमाल घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों के लिए हुआ है। यहां अमेरिका के एयरबस जैसे बड़े विमानों को भी उतारा जा सकता है। चीन, पाकिस्तान के अलावा नेपाल, कंबोडिया, जिम्बाब्वे और श्रीलंका में भी एयरपोर्ट्स बना चुका है। पाकिस्तान में 15-16 अक्टूबर को शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन (SCO) समिट होने वाली है। इसकी तैयारियां को लेकर रविवार (13 अक्टूबर) को पाकिस्तानी अधिकारियों की एक बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बैठक में समिट के लिए राजधानी इस्लामाबाद को बंद करने का फैसला किया जा रहा है। दरअसल, PTI कार्यकर्ताओं के हिंसक प्रदर्शनों और राजनीतिक अशांति को लेकर पाकिस्तान की सरकार परेशान है। शहबाज शरीफ नहीं चाहते समिट के दौरान प्रदर्शनों से सुरक्षा हालात बिगड़ें और देश की छवि खराब हो।

## देश के 5 राज्यों में धार्मिक विवाद, हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़

**बंगाल में दुर्गा मूर्ति जलाई, कर्नाटक में दो समूहों के बीच झड़प**

एजेंसी, हैदराबाद/हावड़ा/बहराइच/बेलगावी।



देश के 5 राज्यों तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, यूपी और झारखंड में धार्मिक विवाद हुआ है। तेलंगाना में हैदराबाद के मुथ्यलम्मा मंदिर में सोमवार सुबह देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। यहां सुबह विरोध प्रदर्शन हुए। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे। उधर पश्चिम बंगाल में रविवार रात एक विशेष समुदाय के लोगों ने हावड़ा जिले के श्यामपुर इलाके में दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़ की। बीजेपी का दावा है कि, अराजक तत्वों ने दुर्गा मां की मूर्ति में भी आग लगाई। कर्नाटक के बेलगावी जिले के सोलापुर गांव में रविवार रात दुर्गा देवी की मूर्ति के अपमान के बाद दो समूहों के बीच झड़प हो गई। तीन लोग घायल हुए। दो बाइक और एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। यूपी के बहराइच में दुर्गा विसर्जन के दौरान दो पक्षों में फायरिंग और पत्थरबाजी हुई। इसमें एक युवक की मौत हो गई। झारखंड के गढ़वा में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस ने विवादित रास्ते को बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया था।

## 5 हजार करोड़ की 518 किलो कोकीन जब्त, 5 गिरफ्तार

एजेंसी, गांधीनगर/नई दिल्ली।




**◆ 12 दिन में इस सिंडिकेट पर 3 छापे, 13,000 करोड़ की ड्रग्स बरामद**

गुजरात के अंकलेश्वर के अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी के गोडाउन से रविवार रात 518 किलो कोकीन जब्त की गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5000 करोड़ रुपए है। दिल्ली-गुजरात पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कोकीन उसी इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़ी है, जिसकी 2 बड़ी खेप दिल्ली से 2 अक्टूबर और 10 अक्टूबर को छापेमारी के दौरान पकड़ाई थीं। पुलिस ने बताया कि अब तक इस सिंडिकेट की कुल 1289 किलो ड्रग्स जब्त की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 13 हजार करोड़ रुपए है। इस सिंडिकेट से जुड़े कुल 12 लोग अब तब गिरफ्तार हो चुकी है, जिनमें से 7 को दिल्ली की पिछली 2 रेड के दौरान हिरासत में लिया गया था। दुबई से ऑपरेट हो रहे इस सिंडिकेट के मास्टरमाइंड की पहचान विरेंदर बसोया के रूप में हुई है। इसके दुबई में कई बिजनेस हैं। पुलिस ने बसोया के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया है। PTI के सूत्रों के मुताबिक पूरे देश में आज तक कभी इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन नहीं जब्त की गई है। पिछले 12 दिनों की ये 3 रेड अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन है। सिंडिकेट के मेंबर को कोड नेम दिए गए थे पुलिस ने बताया कि इस सिंडिकेट के जुड़े ज्यादातर मेंबर एक दूसरे को नहीं जानते थे। वे सोशल मीडिया के जरिए कोऑर्डिनेट करते थे। कम्युनिकेशन के लिए हर मेंबर को एक-एक कोड नेम दिया गया था। इसके अलावा पुलिस को आशंका है कि ड्रग्स की यह खेप साउथ अमेरिकी देशों से समुद्री रास्ते से गोवा लाई गई थी। इसके बाद इसे दिल्ली लाया गया। दिल्ली पुलिस 2 महीने से प्लानिंग कर रही दिल्ली-गुजरात में कोकीन जब्ती का इसे अब तक का सबसे बड़ा केस माना जा रहा है। पुलिस इस सिंडिकेट का पता लगाने के लिए पिछले दो महीने से काम कर रही थी। तब पुलिस को ड्रग्स सप्लाई का इनपुट मिला था। ये तस्कर इस ड्रग को दिल्ली और NCR में खपाने की कोशिश में थे। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा, 'मैं दिल्ली पुलिस को 13,000 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त करने के सफल अभियानों की श्रृंखला के लिए बधाई देता हूं, जिसमें हाल ही में गुजरात पुलिस द्वारा 5,000 करोड़ रुपए की कोकीन बरामद करना भी शामिल है। ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा।'

## ट्रम्प की रैली के बाहर हथियारों के साथ शख्स गिरफ्तार

**फर्जी पास लेकर घुसने की कोशिश कर रहा था**


एजेंसी, कैलिफोर्निया।



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रम्प पर एक और जानलेवा हमले की कोशिश की आशंका जताई गई है। CNN के मुताबिक, ट्रम्प शनिवार यानी 12 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के कोचेला में रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक हथियारबंद शख्स को सिक्योरिटी ने गिरफ्तार किया। संदिग्ध की ब्लैक SUV कार से पुलिस को एक शॉटगन, एक लोडेड हैंड गन और 1 हाई कैपेसिटी मैगजीन मिली है। रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियान्को ने बताया कि उसके पास फर्जी प्रेस और VIP पास थे, जिससे उस पर शक हुआ। पुलिस ने रविवार को बताया कि 49 साल के आरोपी का नाम वेम मिलर है। संदिग्ध मिलर पर दो हथियार रखने के आरोप लगाए हैं और 5 हजार डॉलर के बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया है। 2 जनवरी 2025 को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। रिवरसाइड काउंटी शैरिफ जल्द ही मामले पर पूरी जानकारी के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। दरअसल, ट्रम्प पर पेन्सिल्वेनिया के बटलर शहर में 3 महीने पहले भी रैली को संबोधित करने के दौरान गोली चली थी। वहीं, 16 सितंबर को भी ट्रम्प पर जानलेवा हमले की कोशिश की गई थी। तब ट्रम्प फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा में लगे सीक्रेट सर्विस एजेंट को झाड़ियों में एक शख्स हथियार के साथ छिपे दिखा था। सीक्रेट सर्विस ने कहा- ट्रम्प की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी सीक्रेट सर्विस ने घटना को लेकर रविवार को स्टेटमेंट जारी किया है। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि घटना से ट्रम्प की सुरक्षा पर कोई भी असर नहीं पड़ा है। रैली के दौरान तैनात सिक्योरिटी टीम और लोकल पार्टनर ने सही तरीके से सहयोग किया। रैली ग्राउंड तक पहुंचने के लिए कई चेकपॉइंट ट्रम्प की रैली में हथियारबंद शख्स के पकड़े जाने के बाद रैली में आए मीडिया के लोगों और VIP टिकट वालों की सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी। उन्हें रैली के ग्राउंड तक पहुंचाने के लिए कई लेवल की सिक्योटी चेकपॉइंट से गुजरना पड़ा। सभी की गाड़ियों की सख्ती से जांच भी की गई। हर गाड़ी को अमेरिका के K-9 अधिकारियों ने चेक किया। कौन है आरोपी वेम मिलर? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेम मिलर एक रजिस्टर्ड रिपब्लिकन है। वह UCLA यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की पढ़ाई कर चुका है। वह लंबे समय से राइट विंग समर्थित ग्रुप से जुड़ा हुआ है। यह अमेरिका की मौजूदा डेमोक्रेट्स की सरकार की नीतियों की आलोचना के लिए जाना जाता है। मिलर नेवादा स्टेट असेंबली के 2022 का चुनाव भी लड़ चुका है।

## 25 सवारियों से भरी बस में आग UP के फर्रुखाबाद जा रही थी

एजेंसी, जयपुर।



**◆ यात्री बोले- लाखों की ज्वेलरी सहित कीमती सामान जले**

जयपुर में रविवार (13 अक्टूबर) रात चलती प्राइवेट बस में आग लग गई। बस में सवार 25 यात्रियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। चलती बस के नीचे बाइक आ गई, जिसकी वजह से निकली चिंगारी से बस में आग लग गई। बस यात्रियों ने कहा कि लाखों की ज्वेलरी सहित उनके कीमती सामान जल गए। सांगानेर थाने के एएसआई लालचंद मीणा ने बताया- अभय ट्रैवल्स की बस जयपुर से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जा रही थी। कोहिनूर सिनेमा मालपुरा गेट (सांगानेर) से रात करीब 10 बजे बस रवाना हुई थी। 15 मिनट बाद बस सांगानेर चौरड़िया पेट्रोल पम्प पहुंची थी। इसी दौरान एक बाइक बस के नीचे आ गई। उससे चिंगारियां निकलीं। इससे आग लग गई। ड्राइवर बस से कूद गया। सवारियों में चीख-पुकार मच गई। सवारियां भी किसी तरह बस से उतरीं। उनका सामान बस में ही रह गया था। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दो दमकलों की मदद से प्राइवेट बस में लगी आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## जम्मू-कश्मीर से 6 साल बाद राष्ट्रपति शासन हटा

एजेंसी, श्रीनगर/नई दिल्ली।



जम्मू-कश्मीर में नई सरकार के गठन से पहले राष्ट्रपति शासन हटाने का आदेश रविवार देर रात जारी किया गया। गृह मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने नए मुख्यमंत्री की शपथ के तुरंत पहले राष्ट्रपति शासन खत्म करने का आदेश जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में पिछले विधानसभा चुनाव 10 साल पहले 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद भाजपा-PDP ने गठबंधन सरकार बनाई थी। 2018 में भाजपा के समर्थन वापस लेने के बाद सरकार गिर गई थी और महबूबा मुफ्ती ने CM पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से जम्मू-कश्मीर में केंद्र का शासन था। 2024 विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) ने 42, उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस ने 6 और CPI(M) ने एक सीट जीती थी। रिजल्ट के बाद NC प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि उमर CM बनेंगे। उमर को 10 अक्टूबर को हुई बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया था। उमर ने 11 अक्टूबर को राजभवन जाकर LG मनोज सिन्हा से मुलाकात की और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। उमर अब्दुल्ला गांदरबल और बडगाम दो सीटों से चुनाव जीते हैं। वह गांदरबल सीट बरकरार रख सकते हैं। कुपवाड़ा से चुनाव हारने वाले नासिर असलम वानी बडगाम सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे।

## मंत्री के भाई-PS के घर समेत 20 जगह ED रेड, आईएएस मनीष रंजन के करीबी

एजेंसी, रांची।



**कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी, रांची और चाईबासा में कार्रवाई**

विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड में ईडी की कार्रवाई तेज हो गई है। राजधानी रांची, चाईबासा सहित 20 जगह पर ईडी ने सोमवार सुबह से ही दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक ईडी की रेड हेमंत सोरेन सरकार के पेयजल व स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह के ठिकानों पर हुई है। साथ ही आईएएस मनीष रंजन के करीबी, मंत्री के भाई विनय ठाकुर के अलावा कई इंजीनियर्स के घर छापेमारी जारी है। यह छापेमारी जल-जीवन मिशन में हुई अनियमितता से जुड़ा हुआ है। रांची में मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड, रातू रोड में इंद्रपूरी और चाईबासा में छापेमारी हुई है। फिलहाल छापेमारी वाले सभी लोकेशन पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गयी है।

**चाईबासा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और बिजनेस पार्टनर पर छापाः** चाईबासा के अमला टोला स्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर और उनके बिजनेस पार्टनर वेदांत खिरवार के घर में ईडी की छापामारी चल रही है। जानकारी के अनुसार ईडी की टीम रविवार की रात ही चाईबासा पहुंची और आज अहले सुबह टीम सबसे पहले अमला टोला स्थित मंत्री के भाई विनय ठाकुर के आवास पर पहुंची। विनय ठाकुर से पूछताछ के बाद उनके बिजनेस पार्टनर मधु बाजार निवासी वेदांत खिरवार के यहां भी एक टीम छापेमारी कर रही है। वहीं वेदांत खिरवार के गोदाम की भी जांच की जा रही है।

**ईडी की रेड नहीं, राजनीति रेडः मंत्रीः** वहीं, ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि यह ईडी की रेड नहीं है, बल्कि राजनीति रेड है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्हें जनता पूरी तरह से नकार चुकी है। इसी कारण इस तरह का हथकंडा अपना रहे हैं। एजेंसियों को लगाते हैं। अगर ईडी पारदर्शिता के साथ काम करें तो हम पूरा सहयोग करेंगे। मेरे ऊपर भाजपा में शामिल होने का दबाव लोकसभा चुनाव से पहले से बनाया जा रहा है। हम फांसी पर चढ़ जाएंगे, लेकिन दबाव की राजनीति नहीं करेंगे। झारखंड की जनता के बीच छल की राजनीति नहीं करूंगा।

# महिला टी20 विश्व कपः हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा-हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर सके

**एजेंसी, शारजाह**



आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ रन से मिली हार के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह और दीप्ति शर्मा अपनी साझेदारी के दौरान कुछ ढीली गेंदों को सही से हिट नहीं कर सकीं,जिसके कारण अंततः टीम की हार हुई। एनाबेल सदरलैंड के शानदार अंतिम ओवर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को शारजाह में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप मैच में मात्र नौ रन से जीत दर्ज की।

हरमनप्रीत ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि दोनों टीमों के बीच मुख्य अंतर यह था कि ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं थी और उसके पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर भी थे। हरमनप्रीत ने कहा, "मुझे लगता है कि उनकी पूरी टीम योगदान देती है, वे एक या दो खिलाड़ियों पर निर्भर नहीं रहते हैं, उनके पास कई ऑलराउंडर हैं जो योगदान देते हैं। हमने भी अच्छी योजना बनाई थी और हम खेल में मौजूद थे। उन्होंने आसानी से रन नहीं दिए और इसे मुश्किल बना दिया। वे एक अनुभवी टीम हैं। यह कुछ ऐसा है जो आपके नियंत्रण में नहीं है, आपको हमेशा अपने प्लेइंग इलेवन को तैयार रखना होता है, भले ही एक या दो खिलाड़ी बाहर हों।" उन्होंने कहा, "राधा ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, वह खेल में थी और उसने अच्छा क्षेत्ररक्षण भी किया।

आपको टीम में ऐसे चरित्र की आवश्यकता होती है जो हमेशा मौजूद रहे। यह एक ऐसा लक्ष्य था जिसे हासिल किया जा सकता था। जब मैं और दीप्ति बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम कुछ ढीली गेंदों को हिट नहीं कर पाए। हम ऑस्ट्रेलिया से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जो कुछ भी हमारे हाथ में था, हम उसे करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह हमारे नियंत्रण में नहीं था। अगर हमें एक और गेम खेलने का मौका मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। लेकिन अन्यथा, जो भी टीम सेमीफाइनल में होने का हकदार है, वह वहां होगी।" मैच की बात करें तो इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रेस हैरिस (40), कप्तान ताहलिया मैकग्राथ (32) और एलिस पैरी (32) की बेहतरीन पारियों की बदौलत 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाए। भारत की तरफ से रेणुका सिंह, दीप्ती शर्मा ने 2-2 और श्रेयांका पाटिल, पूजा वस्त्राकर, और राधा यादव ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में भारतीय टीम ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (नाबाद 54) के बेहतरीन अर्धशतक और दीप्ती शर्मा (29) व शैफाली वर्मा (20) की शानदार पारियों के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया के लिए अन्नाबेल सदरलैंड, सोफी मोलीनेक्स ने 2-2 व मेगन शुट्ट,और एश्ले गार्डनर ने 1-1 विकेट लिया।

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर, शाहीन और नसीम बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इंग्लैंड के खिलाफ अगले दो टेस्ट मैचों से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा फैसला लिया है। नई सेलेक्शन कमेटी ने इंग्लैंड के खिलाफ शेष दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए रविवार को पाकिस्तान टीम का ऐलान किया। टीम से पूर्व कप्तान एवं प्रमुख बल्लेबाज बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को बाहर कर दिया गया है। इनके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद को भी बाहर कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान को मिली करारी हार के बाद ये फैसला लिया है। मुल्तान में खेले गए पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान को इंग्लैंड के हाथों पारी और 47 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अनुसार प्रमुख खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म और फिटनेस को ध्यान में रखते हुए और 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सत्र में पाकिस्तान के भविष्य के कार्यों को देखते हुए, चयनकर्ताओं ने बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को आराम देने का फैसला किया है। अबरार अहमद (जो डेंगू बुखार से उबर रहे हैं) चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। इन चार खिलाड़ियों की जगह हसीबुल्लाह, मेहरान मुमताज, कामरान गुलाम (सभी अनकैप्ड), तेज गेंदबाज मोहम्मद अली और ऑफ स्पिनर साजिद खान को शामिल किया गया है। नोमान अली और जाहिद महमूद, जो शुरू में मूल पहले टेस्ट टीम का हिस्सा थे, लेकिन बाद में उन्हें रिलीज कर दिया गया था, उन्हें भी 16 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है। पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट मैचों के लिए टीम का चयन करना चयनकर्ताओं के लिए एक चुनौतीपूर्ण काम रहा है। हमें खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म, सीरीज में वापसी और पाकिस्तान के 2024-25 के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम पर सावधानीपूर्वक विचार करना पड़ा है। इन कारकों को ध्यान में रखते हुए और पाकिस्तान क्रिकेट के साथ-साथ खिलाड़ियों के सर्वोत्तम हित में, हमने बाबर आजम, नसीम शाह, सरफराज अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को आराम देने का फैसला किया है।

# कैमरन ग्रीन के पीठ की होगी सर्जरी, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न**



आस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर के लिए सर्जरी होगी, जिससे वह भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। टीम के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "रिकवरी का समय लगभग छह महीने होने का अनुमान है। सर्जरी के लिए आगे बढ़ने का फैसला कैमरनके एक ऑलराउंडर के रूप में दीर्घकालिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया है।" ग्रीन को इंग्लैंड में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पीठ के निचले हिस्से में तनाव फ्रैक्चर का पता चला था, जिससे भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में अटकलें लगाई जा रही थीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा था कि ग्रीन इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों से सर्जरी करवानी चाहिए, जिन्होंने पहले भी तेज गेंदबाजों की मदद की है। विकल्प यह था कि सर्जरी के बिना ही उन्हें ठीक किया जाए और ग्रीन को भारत सीरीज में केवल बल्लेबाज के रूप में खेलने दिया जाए। हालांकि, ग्रीन की स्थिति अधिक जटिल थी, इसलिए सर्जरी बेहतर थी। प्रवक्ता ने कहा, "जबकि तेज गेंदबाजों में रीढ़ की हड्डी में तनाव फ्रैक्चर असामान्य नहीं है,पूरी तरह से परामर्श के बाद यह तय किया गया कि कैमरनको सर्जरी से लाभ होगा और भविष्य में इसके फिर से होने का जोखिम कम होगा।" ग्रीन की अनुपस्थिति का मतलब ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव होगा, क्योंकि 25 वर्षीय ग्रीन ने अपने पिछले चार टेस्ट मैचों में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है।

## केन्याई धावक रूथ चेपनगेटिच ने शिकागो में तोड़ा महिला मैराथन का विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

केन्या की रूथ चेपनगेटिच ने रविवार को इतिहास रचते हुए शिकागो में महिलाओं की मैराथन का विश्व रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने पिछले सर्वश्रेष्ठ से लगभग दो मिनट पीछे रहकर दो घंटे, नौ मिनट और 56 सेकंड का अनौपचारिक समय लेकर दौड़ पूरी की। चेपनगेटिच ने शिकागो में अपना तीसरा खिताब जीता और इथियोपिया की टिगस्ट अस्सेफा के पिछले साल बर्लिन में बनाए गए 2:11:53 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इथियोपिया की सुतुमे केबेडे ने दो घंटे 16 मिनट और 36 सेकंड बाद रेखा पार की, जबकि केन्या की इरीन चेप्टाई (2:17:51) तीसरे स्थान पर रहीं। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद चेपनगेटिच ने कहा, "मेरा सपना सच हो गया है,जिसका समय मूल रूप से 2:09:57 दर्ज किया गया था, लेकिन बाद में इसे समायोजित कर दिया गया।" चेपनगेटिच ने शुरू से ही तेज रफ़्तार पकड़ी, पहले पाँच किलोमीटर 15 मिनट में दौड़ीं और आधे रास्ते तक उन्होंने खुद और केबेडे के बीच 14 सेकंड का अंतर बना लिया। 2019 की विश्व चैंपियन चेपनगेटिच रेस पूरी करने के बाद थककर झुक गईं और अपने प्रदर्शन को हमवतन केल्विन किप्टम को समर्पित किया, जिन्होंने एक साल पहले शिकागो में पुरुषों का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था और चार महीने बाद एक कार दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी।

# दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11 घोषित, कप्तान स्टोक्स की वापसी

**एजेंसी, मुल्तान**




इंग्लैंड और पाकिस्तान टीम के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कल यानी मंगलवार से मुल्तान में खेला जाएगा। सीरीज में इंग्लैंड की टीम पहला टेस्ट मैच जीतकर 1-0 से आगे है। इस बीच सोमवार को दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम की प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया गया है। दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की वापसी हुई है। बेन स्टोक्स इस साल अगस्त के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण स्टोक्स ने इंग्लैंड के लिए पिछले चार टेस्ट मिस किए। वह श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए। उनकी अनुपस्थिति में ओली पोप ने टीम की कमान संभाली। हालांकि, स्टोक्स इंग्लैंड टीम के साथ नियमित रूप से जुड़े रहे और अब वह फिट होकर फिर से टीम की कमान संभालेंगे। स्टोक्स के साथ मैथ्यू पॉट्स को भी अंतिम एकादश में जगह मिली है जबकि क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन की तेज गेंदबाजी जोड़ी को बाहर बैठना पड़ा है।

# व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से शेयर बाजार की चाल में और तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में मुनाफा वसूली की मामूली कोशिश भी होती रही। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में लगातार तेजी बनी रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस, लार्सन एंड टूब्रो, एचडीएफसी बैंक, विप्रो और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 2.41 प्रतिशत से लेकर 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, नेस्ले और टाटा स्टील के शेयर 0.75 प्रतिशत से लेकर 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,378 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,335 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,043 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 195.57 अंक की मजबूती के साथ 81,576.93 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती आधे घंटे के कारोबार में इस सूचकांक में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी देर में ही ये सूचकांक 500 अंक से भी अधिक उछल कर 81,930.66 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 451.45 अंक की मजबूती के साथ 81,832.81 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 59.20 अंक उछल कर 25,023.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक इस सूचकांक की चाल में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन आधे घंटे बाद ही अचानक जोरदार खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में जोरदार तेजी आ गई। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 160 अंक से अधिक की छलांग लगा कर 25,131.95 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 143.45 अंक की बढ़त के साथ 25,107.70 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# शक्तिकांत दास ने धन प्रेषण की लागत और समय कम करने की वकालत की

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को विदेश से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने नई दिल्लीं में 'सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स' विषय पर आयोजित एक उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को कम करने की अपार संभावनाएं हैं। शक्तिकांत दास ने कहा कि इसके अलावा डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। दास ने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक और क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा-पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और डेटा उल्लंघन की घटनाएं बढ़ सकती हैं। शक्तिकांत दास ने कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम शमन उपाय करने चाहिए। अंतिम विश्लेषण में, बैंकों को एआई और बिगटेक के लाभों का लाभ उठाना चाहिए।

## आईपीओ लॉन्च होने के पहले ग्रे मार्केट में हुंडई की घटी चमक, 570 से घट कर 60 रुपये के स्तर पर आया प्रीमियम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हुंडई मोटर इंडिया कल भारतीय शेयर बाजार के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च करने वाली है। इस आईपीओ का निवेशकों को लंबे समय से इंतजार है। 15 से 17 अक्टूबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन होने वाले इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने 27,870 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। इस इश्यू के लिए 1,865 से 1,960 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। माना जा रहा है कि इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल सकता है। हालांकि ग्रे मार्केट में इस आईपीओ की चमक गिरती जा रही है। इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में लगातार गिरावट आई है। हुंडई मोटर इंडिया के आईपीओ ने फाइनल होने के बाद ग्रे मार्केट में जबरदस्त मजबूती के साथ ट्रेड करना शुरू किया था। ग्रे मार्केट में हुंडई मोटर के शेयर ने 470 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड करना शुरू किया और सिर्फ 24 घंटे में ही इसका प्रीमियम बढ़कर 570 रुपये हो गया। उम्मीद की जा रही थी कि हुंडई मोटर के शेयर का ग्रे मार्केट में प्रीमियम 750 रुपये तक जा सकता है, लेकिन 570 रुपये के स्तर से ही इसके ग्रे मार्केट प्रीमियम में गिरावट आनी शुरू हो गई। अब हुंडई मोटर का आईपीओ लांच होने में सिर्फ एक दिन बाकी है, तब ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम घट कर 60 रुपये के स्तर पर आ गया है। ग्रे मार्केट के मौजूदा प्रीमियम को ही अगर अंतिम मान लिया जाए, तो शेयर मार्केट में हुंडई मोटर के शेयरों की लिस्टिंग इसके अपर प्राइस बैंड में 60 रुपये जोड़ कर 2,020 रुपये के स्तर पर हो सकती है। ऐसा होने पर आईपीओ निवेशकों को 3 प्रतिशत के करीब लिस्टिंग गेन हो सकता है। हालांकि ग्रे मार्केट के प्रीमियम को सिर्फ एक संकेत मानना चाहिए, क्योंकि ग्रे मार्केट की स्थिति लगातार बदलती है, जिससे प्रीमियम के स्तर में भी बदलाव होते रहता है। उल्लेखनीय कि हुंडई मोटर का आईपीओ कल लांच होने वाला है, लेकिन उसके पहले एंकर इन्वेस्टर्स के लिए ये आईपीओ आज ही ओपन हो जाएगा। एंकर इन्वेस्टर्स के लिए 8,315.28 करोड़ रुपये के शेयर रिजर्व किए गए हैं। एंकर इन्वेस्टर्स के अलावा दूसरे इन्वेस्टर्स हुंडई मोटर के आईपीओ में 15 अक्टूबर यानी कल से 7 शेयर के लॉट में बोली लगा सकते हैं।

## थोक महंगाई दर सितंबर महीने में बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल की वजह से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर बढ़कर सितंबर महीने में 1.84 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त महीने में यह 1.31 फीसदी थी। सितंबर 2023 में थोक महंगाई दर 0.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सितंबर महीने में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर बढ़कर 1.84 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने अगस्त में यह दर घटकर 1.31 फीसदी पर आ गई थी। जुलाई में थोक महंगाई दर 2.04 फीसदी रही थी। मंत्रालय ने कहा कि सब्जियों और खाने-पीने के चीजों के दाम बढ़ने की वजह से थोक महंगाई दर बढ़ी है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की कीमतें सितंबर महीने में बढ़कर 9.47 फीसदी हो गई है, जबकि अगस्त में यह 3.26 फीसदी रही थी। हालांकि, सितंबर में ईंधन और बिजली की कीमतों में 4 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है, जबकि पिछले महीने यह 0.67 फीसदी थी। वहीं, थोक मूल्य सूचकांक के प्राइमरी आर्टिकल की सलाना मुद्रास्फीति दर बढ़कर 6.59 फीसदी हो गई है, जो अगस्त में 2.42 फीसदी रही थी। हालांकि, मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की थोक महंगाई दर 1.22 फीसदी से घटकर एक फीसदी पर आ गई है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,810 रुपये से लेकर 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,340 रुपये से लेकर 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024





# पहले करवा चौथ पर क्या है शादी का जोड़ा पहनने का महत्व?

**लोक मान्यता है कि पहले करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाओं को शादी का जोड़ा पहनना चाहिए क्योंकि ऐसा माना जाता है कि शादी का जोड़ा विवाह के समय बहुत पवित्र हो जाता है।**

करवा चौथ इस साल 20 अक्टूबर, दिन रविवार को मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और करवा माता एवं चंद्रमा की पूजा करती हैं। करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाएं लाल रंग के कपड़े पहनती हैं। विशेष रूप अगर पहला करवा चौथ है तो शादी के जोड़े को दोबारा इस दिन पहनने का विधान है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि आखिर क्यों पहले करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं पहनती हैं शादी का जोड़ा और क्या हैं उससे मिलने वाले लाभ।

पहले करवा चौथ पर क्यों पहना जाता है शादी का जोड़ा?

लोक मान्यता है कि पहले करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाओं को शादी का जोड़ा पहनना चाहिए क्योंकि ऐसा माना जाता है कि शादी का जोड़ा विवाह के समय बहुत पवित्र हो जाता है। फेरों के दौरान जब शादी के जोड़े को पहने लड़की अग्नि के चक्कर लगाती है तब उस अग्नि के प्रभाव से वह जोड़ा शुद्ध हो जाता है। वहीं, जब इस पवित्र जोड़े को शादी के बाद पहले करवा चौथ पर दोबारा पहना जाता है, तब इसकी शुद्धता से पूजा में पवित्रता और बढ़ जाती है। साथ ही, वैवाहिक जीवन में इसका शुभ प्रभाव देखने को मिलता है। वैवाहिक जीवन में मधुरता आने लगती है। दांपत्य जीवन का क्लेश दूर होता है और रिश्ता मजबूत बनता है। इसके अलावा, करवा चौथ के दिन शादी का जोड़ा पहनने से पति-पत्नी के बीच प्रेम बढ़ता है। हालांकि शादी का जोड़ा पहनते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह गंदा न हो या कहीं से भी फटा-कटा न हो नहीं तो इससे पूजा में दोष लगता है और वैवाहिक जीवन में परेशानियां आनी शुरू हो जाती हैं। क्लेश बढ़ने लगता है।







# करवा चौथ पर इंडो वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहनें ये ज्वेलरी

**सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन लुक तभी अच्छा लगता है, जब आप अलग-अलग तरह के लुक को रीक्रिएट करते हैं। इस बार आप इंडो वेस्टर्न आउटफिट को स्टाइल करें। इससे आपके लुक में कुछ डिफरेंट डिजाइन ऐड होगा। इसे और अट्रैक्टिव बनाने के लिए साथ मे ज्वेलरी वियर करें। मार्केट में कई सारी फैंसी डिजाइन वाली ज्वेलरी मिलती है। इसे स्टाइल करके आप अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।**

## हैवी चोकर नेकलेस सेट

अगर आप ऑफ शोल्डर ड्रेस को स्टाइल कर रही हैं, तो इसके साथ आप हैवी चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के चोकर सेट में आपको मल्टी लेयर और कलर दोनों मिल जाएंगे। इसलिए इसे किसी भी आउटफिट के साथ पहना जा सकता है। मार्केट में इस तरह के सेट आपको आसानी से मिल जाएंगे। जिसे आप 200 से 300 रुपये में खरीद सकती हैं। बस आपको अपनी गर्दन का ध्यान रखना है और एक बार ट्राई जरूर करना है। इससे आप सेट के डिजाइन को सही तरीके से देख पाएंगी।

## इयरकफ करें स्टाइल

बड़े-बड़े इयररिंग्स या झुमकी की जगह पर आप इयरकफ को स्टाइल करें। इस तरह के इयरकफ पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी ड्रेस से मैच करके वियर करें। आप चाहें तो सिंपल डिजाइन वाले खरीदकर भी वियर कर सकती हैं, ताकि इसे दोबारा किसी और ड्रेस के सात मैच किया जा सके। आपके इस तरह के इयररिंग्स पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। साथ ही, ये आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

## बैंगल्स को करें वियर

आउटफिट के साथ सेट और इयररिंग्स हर कोई पहनता है, लेकिन आप हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए बैंगल्स को भी स्टाइल करें। आजकल कांच के साथ-साथ मेटल और ऑक्सीडाइज्ड डिजाइन में बैंगल्स मिल जाएगी, जो वियर करके अच्छी लगेगी। इसमें आप चाहें तो पूरा सिंगल सेट भी ले सकती हैं। मार्केट में ये आपको 200 से 300 रुपये में मिल जाएगा। जब आप इसे आउटफिट के साथ वियर करेगी, तो हाथ सुंदर लगेंगे।



# करवाचौथ के दिन पैरों में पहननी हैं पायल और बिछिया तो पहले से ही करें घर पर पेडीक्योर, जानें सही तरीका

हम सभी चाहते हैं कि हमारे पैर खूबसूरत नजर आए और इसके लिए हम आए दिन पार्लर में जाकर पेडीक्योर भी करवाते हैं। बदलते मौसम में त्वचा भी भी बदलने लगती है। ऐसे में बार-बार पार्लर में जाकर पैसे खर्च करना हम बिल्कुल भी नहीं चाहते हैं। वहीं क्या आप जानती हैं कि आप बिना पैसे खर्च किए भी पेडीक्योर कर सकती हैं। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कैसे ब्लीच एक्टिवेटर की मदद से आप पैरों को साफ कर सकती हैं। साथ ही, बताएंगे पेडीक्योर करने का आसान तरीका-

## कैसे करें घर पर पेडीक्योर?

- सबसे पहले अपने पैरों को पानी से धो लें और तौलिए की मदद से सुखा लें। इसके बाद एक टब में गुनगुने पानी में लगभग 5 मिनट तक पैरों को भिगोकर रखें।
- इसके बाद आप एक बाउल में ब्लीच के साथ में मिला और एक्स्ट्रा बचा हुआ एक्टिवेटर डालें और जरूरत अनुसार पानी मिलकर पेस्ट तैयार कर लें।
- ध्यान रहे कि सेंसिटिव स्किन पर ब्लीच एक्टिवेटर या किसी भी अन्य चीज का इस्तेमाल करने से बचें और एक्सपर्ट की सलाह लिए बिना कुछ भी त्वचा पर न लगायें।
- इसके बाद पेस्ट को पैरों में अच्छी तरह से लगा लें। पमिस स्टोन की मदद से पैरों पर हल्के हाथों से मसाज करें ताकि टैनिंग और पैरों में मौजूद गंदगी अच्छी तरह से निकल जाए।
- लगभग 10 से 15 मिनट इस पेस्ट को पैरों में लगा रहने दें। टब में मौजूद गुनगुने पानी की मदद से पैरों को साफ कर लें।
- तौलिए की मदद से पैरों को साफ करें और बॉडी मॉइस्चराइजर की मदद से त्वचा को ड्राई होने से बचाएं।
- इस तरह आप हफ्ते में 1 से 2 बार तक ब्लीच के साथ मिले एक्स्ट्रा एक्टिवेटर की मदद लेकर पैरों को साफ कर सकती हैं।
- बता दें कि यह स्किन व्हाइटनिंग ट्रीटमेंटका काम भी करता है।



# छोटे नाखूनों के लिए परफेक्ट हैं नेल आर्ट के ये डिजाइंस, जानें इन्हें करने का आसान तरीका

**नाखूनों को खूबसूरत बनाने के लिए उनकी सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप घर पर ही मैनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।**

हम सभी चाहते हैं कि हमारे नाखून खूबसूरत नजर आए और इसके लिए हम आए दिन बाजार से नए-नए नेल आर्ट करवाना पसंद करते हैं। नेल आर्ट के कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन देखने को भी मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं है कि वे डिजाइन आपके नाखूनों पर खूबसूरत नजर आए। वहीं नेल शेप के अनुसार भी डिजाइन को चुनना बेहद जरूरी होता है। खासकर छोटे नाखूनों के लिए नेल आर्ट के डिजाइन को चुनने में दिक्कत होती है। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं छोटे आकार के नाखूनों के लिए नेल आर्ट के ये लेटेस्ट डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन नेल आर्ट के डिजाइन को बनाने का आसान तरीका-

## स्टोन नेल आर्ट डिजाइन


स्टोन में आपको कई तरह के डिजाइन और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। मिनिमल और सिंपल लुक के लिए आप किसी भी कलर का नेल पेंट लगाकर इस पर ग्लिटर ग्लू की मदद से स्टोंस को चिपका सकती हैं। स्टोन के साइज के लिए आप छोटे आकार को चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटे नाखूनों पर बड़े साइज के स्टोन अच्छे नहीं लगते हैं।

## लाइन डिजाइन नेल आर्ट

लाइन डिजाइन में आजकल हैवी लुक के लिए ग्लिटर वर्क लाइन वाले नेल आर्ट बेस्ट नजर आते हैं। इस तरह के नेल आर्ट बनाने के लिए आपको मार्केट में ग्लिटर नेल पेंस आसानी से मिल जाएंगे। अलग-अलग कलर के ग्लिटर नेल पेंस की मदद से आप मनचाहा डिजाइन नाखूनों पर बना सकती हैं।

## मल्टी-कलर नेल आर्ट डिजाइन

कलरफुल नेल्स पसंद करती हैं तो इस तरह के रंग-बिरंगे कलर्स के केवल डॉट-डॉट कर नाखूनों के टिप पर डिजाइन बना सकती हैं। इस तरह का डिजाइन बनाने के लिए आप टूथपिक की मदद ले सकती हैं। टूथपिक को सबसे नेल पोलिश में डूबोकर इस तरह से कलर को नाखून पर लगा सकती हैं।



## फ्लोरल नेल आर्ट डिजाइन

फ्लोरल डिजाइन में आपको कई तरह के नेल आर्ट के डिजाइंस को देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो सभी नाखूनों पर इस तरह से अलग कलर का इस्तेमाल करके नेल आर्ट कर सकती हैं या चाहे तो इस तरह के अलग से स्टीकर खरीदकर चिपका सकती हैं। इसमें सबसे ज्यादा पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन को पसंद किया जाता है।



# करवा चौथ पर चाँद की तरह चमकेगी आप

**अगर आप करवा चौथ पर भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इन पेस्टल कलर की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं और इस तरह की साड़ी न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। साड़ी जहां ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है तो वहीं इसमें आप स्टाइलिश भी नजर आती हैं। साड़ी कई सारे खास मौकों पर पहन सकते हैं और अब करवा चौथ का त्योहार आ रहा है। इस खास मौके पर ज्यादातर महिलाएं साड़ी वियर करना पसंद करती हैं और अगर आप साड़ी पहनने का सोच रही हैं तो, आप पेस्टल कलर की साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। अगर आप इन साड़ी को करवा चौथ के मौके पर स्टाइल करती हैं तो आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।**

## प्रिंटेड साटन साड़ी

इस तरह की पेस्टल कलर की प्रिंटेड साटन साड़ी आप करवा चौथ पर स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी साटन फैब्रिक में है और इस तरह की साड़ी में आपका सबसे अलग नजर आएगा। इस साड़ी को 2,000 रूपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस साड़ी के साथ मिरर वर्क वाली ज्वेलरी साथ हो फुटवियर में आप जूती स्टाइल कर सकती हैं।

## सिल्वर स्टोन वर्क टिशू साड़ी

यह सिल्वर स्टोनवर्क टिशू साड़ी भी पस्टेल कलर में है और इस तरह की तरह की साड़ी में आप भीड़ से अलग नजर आएंगी। पस्टेल कलर की इस टिशू साड़ी में बेहद ही खूबसूरत स्टोनवर्क किया हुआ है। इस साड़ी में आपका लुक रॉयल नजर आएगा और इस साड़ी को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस साड़ी को आप स्ट्रेप वाले ब्लाउज के साथ स्टाइल कर सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं।

## पेस्टल कॉटन साड़ी

इस तरह की पेस्टल कॉटन साड़ी भी आप कई सारे खास मौकों पर पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ी में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। इस तरह की साड़ी आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं। यह साड़ी आपको 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

# करवाचौथ के दिन पहनें ये खूबसूरत लाल-हरी झुमकियां

**स्टाइलिश दिखने के लिए आए दिन हम वार्डरोब से लेकर अपने लुक में कई तरह के बदलाव करते हैं। ट्रेडिशनल लुक में जान डालने के लिए स्टाइलिंग का रोल अहम होता है। सूट और साड़ी के साथ में सबसे ज्यादा इयररिंग्स पहनना हम बहुत पसंद करते हैं।**

करवाचौथ आने वाला है और इस मौके पर हम अपने लुक में जान डालने के लिए कानों में हैवी झुमकी को स्टाइल करते हैं। तो आइये देखते हैं हरे-लाल रंग की झुमकियों के नए डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन झुमकी लुक में जान डालने के आसान टिप्स-

## बाली स्टाइल झुमकी डिजाइन

अपने लुक में सलवार-सूट पहन रही हैं तो खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए पंजाबी



स्टाइल बाली इयररिंग्स को कानों में पहन सकती हैं। इसमें आपको झुमकी में अलग-अलग साइज और डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। सबसे ज्यादा इसमें मीनाकारी वर्क और स्टोन में बारीक वाले डिजाइंस को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

## इयरकफ स्टाइल झुमकी डिजाइन

कानों को इयररिंग्स से कवर करना चाहती हैं तो इस तरह के हैवी डिजाइन वाले लाल और हरे कलर के कॉम्बिनेशन की झुमकियों को कानों में पहन सकती हैं। इसमें आपको गोल्डन और सिल्वर में सबसे ज्यादा डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इन दोनों कलर कॉम्बिनेशन को आप आसानी से किसी भी तरह के फैंसी लुक के लिए ट्राई कर सकती हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024



तीनों खान से लेकर

# अक्षय कुमार तक बॉलीवुड स्टार्स को मिल चुकी है जान से मारने की धमकियां



**बाबा** सिद्दीकी को सरेआम गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई. जिसके बाद से पूरी मुंबई दहशत में है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बॉलीवुड स्टार्स को भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं. मुंबई देर रात तब दहल उठा जब एनसीपी (अजित पवार) के नेता बाबा सिद्दीकी को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई. बाबा सिद्दीकी का कनेक्शन राजनीति और बॉलीवुड की हस्तियों के साथ भी रहा है. बाबा सिद्दीकी एक बड़ा नाम है, जो अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान की दोस्ती करायी थी.इस समय पूरी मुंबई में चप्पा-चप्पा पर पुलिस तैनात हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड स्टार्स को भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं.

## सलमान खान

सलमान खान को भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं. राजस्थान के गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान को जान से मारने की धमकी दी है. एक बार तो सलमान के घर के बाहर फायरिंग भी हुई थी. जिसके बाद से सलमान की सुरक्षा को और भी बढ़ा दिया गया. इतना ही सलमान के पिता सलिम खान को भी धमकियां मिल चुकी है. फिलहाल सलमान खान के घर के बार सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है साथ ही मुंबई पुलिस ने उन्हें घर के अंदर रहने की सलाह दी है.

## शाहरुख खान

बादशाह शाहरुख खान को भी जान से मारने की कई बार धमकियां मिल चुकी है. शाहरुख खान को अंडरवर्ल्ड की तरफ से ये धमकी मिली थी. एक्टर पर लगातार अंडरवर्ल्ड के साथ काम करने और साथ ही फिल्मों की कमाई से हिस्सा देने की मांग की जा रही थी. यह भी मामला उन दिनों काफी सुर्खियों में बना था.

## आमिर खान

सत्यमेव जयते की शूटिंग के समय आमिर खान को भी धमकी मिल चुकी है. जिसे देखते हुए आमिर ने खुद की सेफ्टी के लिए बुलेट प्रूफ कार खरीदी थी. यह भी केस उस समय काफी छाया हुआ था.

## राकेश रोशन

बॉलीवुड फिल्म मेकर राकेश रोशन को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. इतना ही नहीं राकेश रोशन को धमकी के साथ-साथ कई बार उनपर गोलियों भी चलाई गई थी. जिनमें से एक बार तो राकेश रोशन के हाथ में गोली लग गई थी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था.

## महेश भट्ट

फिल्म मेकर महेश भट्ट को भी कई बार धमकियां मिल चुकी हैं. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 12-13 लोगों के एक ग्रुप ने महेश भट्ट पर हमला करने की प्लानिंग की थी. हालांकि मुंबई पुलिस ने अंडरवर्ल्ड की इस साजिश को नाकामयाब कर दिया था. लेकिन यह मामला भी काफी सुर्खियों में बना था.

## संजय दत्त

अभिनेत्रा संजय दत्त को भी जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. क्योंकि संजय दत्त की दोस्ती अंडरवर्ल्ड के साथ काफी अच्छी है. लेकिन बीच में खबर आने लगी थी कि दाऊद इब्राहिम और अबू सलेम की तरफ से उन्हें धमकियां दी जाती थी.

## अक्षय कुमार

अक्षय कुमार को भी गैंगस्टर रवि पुजारा की तरफ से धमकी मिल चुकी है. मीडिया रिपोर्ट की माने तो जब अक्षय कुमार ने काम करने वाले नौकर को काम पर से निकाल दिया था तब गैंगस्टर ने अक्षय को फोन कर बोला था कि नौकर को काम से हटाकर अच्छा नहीं किया है. यह केस भी उन दिनों काफी ट्रेंड में था.



# जन्नत जुबैर के इस पोस्ट पर थम गई निगाहें

## टीवी और फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस जन्नत

साल 2001 में जन्मीं जन्नत टीवी और फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं। उन्हें काशी, फुलवा और तू आशिकी में दमदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। वो 2022 में खतरों के खिलाड़ी 12 में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं।

## जल्द आएगा शो का दूसरा सीजन

बताया जा रहा है कि लाफ्टर शेफ्स को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया, इसलिए इसका दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। हालांकि, अभी इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है।

टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबैर अपने चाहने वालों के लिए ऐसे पोस्ट शेयर करती हैं कि हर कोई दिल थामकर देखता रहता है। उनके हालिया पोस्ट को देख हर किसी की निगाहें थम गईं। फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, लेकिन कुछ यूजर्स हैं, जो ताना मार रहे हैं और उन्हें उर्फी जावेद की छोटी बहन बता रहे हैं।

जन्नत के पोस्ट पर जैस्मीन भसीन ने कॉमेंट किया, बहुत प्रिटी। पर कुछ यूजर्स उन्हें ताने मार रहे हैं। एक ने लिखा, उर्फी जावेद की छोटी बहन। तो दूसरे ने कॉमेंट किया, मुस्लिम नाम पर कलंक। कई उन्हें छपरी बोल रहे हैं तो भद्दी बातें बोल रहा है। जन्नत को बीते दिनों लाफ्टर शेफ्स शो में देखा जा रहा था। उनकी जोड़ी उनकी दोस्त रीम शेख के साथ बनी थी। इस शो में ऐसी 6 जोड़ियां थीं। अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक, निया शर्मा-सुदेश लहरी, राहुल वैद्य-अली गोनी, अर्जुन बिजलानी-करण कुंद्रा। होस्ट भारती सिंह और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी।





# करण जौहर ने दिव्या खोसला को कहा मूर्ख

**आलिया** भट्ट स्टारर फिल्म जिगरा रिलीज होने के बाद से ही करण जौहर और दिव्या खोसला कुमार के बीच बहस जारी है। दरअसल, दिव्या का आरोप है कि करण जौहर ने उनकी फिल्म सावी को कॉपी कर जिगरा बनाई है। स्क्रिप्ट चुराने के आरोप लगाने के बाद दिव्या ने हाल ही में जिगरा के खाली थिएटर्स की तस्वीरें शेयर कर कहा था कि आलिया ने अपनी फिल्म की टिकटें खरीदीं और फेक कलेक्शन अनाउंस करवाया है। इसके बाद करण जौहर ने एक पोस्ट शेयर कर दिव्या का नाम लिए बिना उन्हें मूर्ख कहा है।

दिव्या ने बीते दिन पोस्ट में लिखा था, 'जिगरा देखने सिटी मॉल के पीवीआर गई थी, थिएटर पूरी तरह खाली था। बल्कि हर जगह सभी थिएटर्स खाली जा रहे हैं। आलिया भट्ट में सच में बहुत जिगरा है, खुद ही टिकट खरीदे और फेक कलेक्शन अनाउंस कर दिए। मैं हैरान हूं कि आखिर पेड मीडिया चुप क्यों है? जनता को उल्लू नहीं बनाना चाहिए। झूठ के ऊपर सच है।

इसके जवाब में करण जौहर ने बिना नाम लिए लिखा है, बेवकूफों के लिए खामोश रहना ही सबसे बेहतरीन जवाब है। दिव्या खोसला ने करण की पोस्ट सामने आने के बाद जवाब में लिखा है, सच्चाई हमेशा इसके खिलाफ खड़े मूर्खों को भड़का देती है। अगली पोस्ट में उन्होंने लिखा, जब आप बेशर्मी से दूसरों की चीजों पर हक जमाते हुए उसे चुराते हैं, तो आपको चुप रहकर ही बचना पड़ेगा। आपकी कोई आवाज और रीढ़ की हड्डी नहीं होती।

### क्या है पूरा मुद्दा?

31 मई 2024 को दिव्या खोसला कुमार की फिल्म सावी रिलीज हुई थी। फिल्म में एक बहन की कहानी थी, जो अपने भाई को बचाने की जद्दोजहद करती है। हाल ही में 11 अक्टूबर को आलिया भट्ट और वेदांग रैना स्टारर फिल्म जिगरा रिलीज हुई है, जिसकी स्टोरीलाइन सावी से एकदम मेल खाती है। जिगरा का ट्रेलर आने के बाद से ही दिव्या की टीम, जिगरा मेकर्स पर सावी की कहानी चोरी करने का आरोप लगा रही है। उनकी पीआर टीम ने एक नोट शेयर कर इसकी जानकारी दी थी। एक्ट्रेस का आरोप है कि, आलिया ने उनकी फिल्म की स्क्रिप्ट चुराई और फिर डायरेक्टर वासन बाला के साथ मिलकर उसमें बदलाव करके 'जिगरा' नाम से रिलीज कर दिया।

# डायरेक्टर राज शांडिल्य ने मैडॉक से मांगी माफी




राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। हालांकि, इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर राज शांडिल्य को मैडॉक फिल्म्स से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल राज ने मैडॉक फिल्म्स की फिल्म 'स्त्री' के किरदार और डायलॉग बिना इजाजत अपनी फिल्म 'विक्की विद्या..' में यूज किए थे। राज ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए अपनी फिल्म से ऐसे सीन हटाने की बात भी कही है। राज ने एक पोस्ट में लिखा, 'मैं राज शांडिल्य, फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' का डायरेक्टर अपनी और हमारी फिल्म के मेकर्स की ओर से, मैडॉक फिल्म्स की फ्रेंचाइजी 'स्त्री' के कैरेक्टर और डायलॉग्स अपनी फिल्म में बिना इजाजत इस्तेमाल करने के लिए ईमानदारी से माफी मांगता हूं। इस उल्लंघन की वजह से मैडॉक फिल्म्स और उनकी फ्रेंचाइजी को जो भी नुकसान हुआ उसके लिए हमें गहरा खेद है।'


कपिल शर्मा शो में करीना ने किया खुलासा

# करिश्मा से जलते हैं सैफ

हाल ही में कपूर सिस्टर्स करीना और करिश्मा द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का हिस्सा बनी हैं। शो में दोनों ने पर्सनल लाइफ और इक्वेशन पर मजेदार बातचीत की है। हाल ही में शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें करीना ने ये दावा किया है कि उनके पति सैफ अली खान, बहन करिश्मा से जलते हैं।

बातचीत के दौरान कपिल शर्मा ने कपूर सिस्टर्स से पूछा था कि क्या वो हर हफ्ते मिलते हैं। इस पर करीना ने कहा है कि अगर वो शूट नहीं करती तो रोज करिश्मा से मिलती हैं। आगे करीना ने कहा है, मेरे पति सबसे ज्यादा लोलो (करिश्मा) से जलते हैं। वो हमेशा कहते हैं कि तुम मुझसे भी ज्यादा लोलो से बातें करती हो। मुझे ऐसा लगता है कि तुम मेरे साथ नहीं लोलो के साथ ही रहती हो।

आगे करीना ने कहा है, हम बहुत क्लोज हैं। हम दिन में कम से कम 3-4 बार कॉल पर बात करते हैं। मैं पेरेंट्स के बारे में या कुछ भी हो जाए, हर बात उससे शेयर करती हूं। इस पर करिश्मा ने कहा है कि हम बच्चों के बारे में, कुक के बारे में हर बात करते हैं। हमारी बात सुबह शुरू होती है और रात होने तक खत्म होती है। शो में करिश्मा ने बताया है कि जिस समय करीना ने उन्हें अपने और सैफ के रिश्ते के बारे में बताया तब वो लंदन में थीं। दोनों की डेटिंग की खबर सुनकर करिश्मा कपूर शॉक हो गई थीं। शो में कपिल शर्मा ने करीना से करिश्मा से जुड़े कुछ सवाल किए थे। उन्होंने करीना से पूछा कि करिश्मा की वो कौन सी फिल्म है जो उन्हें नापसंद है। इस पर करीना ने मैदान-ए-जंग का नाम लिया। आगे जब उनसे पूछा गया कि करिश्मा का पहला सेलिब्रिटी क्रश कौन था, तो जवाब में करीना ने सलमान खान का नाम लिया।



### करिश्मा कपूर के को-स्टार रह चुके हैं सैफ अली खान

बताते चलें करिश्मा कपूर और सैफ अली खान एक समय में ऑन-स्क्रीन जोड़ी बनकर काम कर चुके हैं। दोनों को 1999 की फिल्म हम साथ-साथ हैं में साथ देखा गया था, जिसमें उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था।

# मल्लिका शेरावत का कैलिफोर्निया वाला घर किसी सपने से कम नहीं!

## कई सारे स्विमिंग पूल, जिम और बाहर सुंदर सी झोपड़ी



मल्लिका शेरावत लंबे समय के बाद फिल्मों में वापसी कर रही हैं। उनके बारे में लंबे समय से बातें नहीं हुई हैं लेकिन अब लोग काफी कुछ जानना चाहते हैं। मल्लिका के कैलिफोर्निया वाले घर पर अगर आपकी नजर नहीं पड़ी तो ये फोटोज जरूर देखिए। मल्लिका शेरावत ने 2002 में फिल्म जीना सिर्फ मेरे लिए से फिल्मों में कदम रखा। हालांकि, 2004 की फिल्म मर्डर से उन्हें काफी पहचान मिली और वह अपने करियर में एक के बाद एक फिल्मों में काम करती गईं। बाद में वो अमेरिका चली गईं और अब हम आपको उनके अमेरिका वाले घर की फोटोज दिखा रहे हैं, जो किसी के भी सपनों का घर हो सकता है।





# शादी के 2 साल बाद फिर दूल्हा बने रणबीर

राहा के पापा रणबीर कपूर एक बार फिर से सोशल मीडिया पर छा गए हैं. इस समय फैंस के बीच रणबीर कपूर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रणबीर कपूर दूल्हे के लिबास में नजर आ रहे हैं. रणबीर कपूर बॉलीवुड के जानेमाने डिजाइनर तरुण तहिलियानी के फैशन शो का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली पहुंचे थे. यहां पर रणबीर कपूर ने शोजटॉपर बनकर धमाकेदार एंट्री मारी. इस दौरान रणबीर कपूर दूल्हा बनकर सफेद गाड़ी की सवारी करते नजर आए. वायरल हो रहे वीडियो में रणबीर कपूर तरुण तहिलियानी के साथ नजर आ रहे हैं. वीडियो में रणबीर कपूर सफेद रंग की शेरवानी पहने दिख रहे हैं. जिसके साथ रणबीर कपूर ने सफेद रंग की खूबसूरत पगड़ी पहनी है. रणबीर कपूर की मोजड़ी ने तो उनके लुक पर चार चांद ही लगा दिए. अब रणबीर कपूर का ये वीडियो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच रहा है. लोग सोशल मीडिया पर लगातार रणबीर कपूर के लुक की तारीफ कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि रणबीर कपूर का मुकाबली कोई नहीं कर सकता. रणबीर कपूर को लेग बेस्ट शोज टॉपर बता रहे हैं. बता दें इन दिनों फिल्म रणबीर कपूर लगातार फिल्म धूम 4 की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं. कुछ समय पहले ही खबर आई थी कि रणबीर कपूर यशराज फिल्म्स की इस हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनने वाले हैं.